www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
जिंदगी की कमाई, दौलत से नही नापी जाती, अंतिम यात्रा की भीड़ बताती है, कमाई कैसी थी..!!

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 2 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-50 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से लोगों का दम निकलने लगा है। एक सप्ताह से इसके दाम में लगातार वृद्धि हो रही है। यह सिलसिला और कब तक चलेगा यह किसी को पता नहीं। लगता है पेट्रोल और डीजल के दाम दोहरा शतक लगाकर ही दम लेंगे। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। उसे अपना आंदोलन और तेज करना चाहिए। अन्य विपक्षी पार्टियां तो अभी तक खेल देख रही है और तेल की धार देख रही है। समाजवादी पार्टी तो खुश है क्योंकि इस मूल्य वृद्धि से सायकल के दिन लौटेंगे।

सूर्योदय
उदय : 6.22 प्रात:
अस्त : 6.38 संध्या

जनसंख्या
विश्व : 7,937,372,410
भारत: 1,404,149,910

बाजार
सेंसेक्स : 59276.69
निफ्टी: 17670.45
गोल्ड : 53,305 प्रति 10 ग्राम
चांदी : 71,700 प्रति किग्रा
अण्डा दर: 3.61 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.6	24.4
बिलासपुर	42.2	21.8
जगदलपुर	36.8	24.0
अंबिकापुर	39.5	20.1

आज का दिवस

विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस: हर साल 2 अप्रैल को दुनियाभर में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसे सबसे पहले साल 2007 में मनाया गया था। उस समय से हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस जा रहा है। इसका मकसद लोगों को ऑटिज्म बीमारी के प्रति जागरूक करना है। यह एक मानसिक विकार है, जिसमें भूलने की बीमारी होती है। इससे बच्चे अधिक पीड़ित होते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो यह एक मानसिक रोग है। इस रोग के शिकार बच्चे अधिक होते हैं। एक बार ऑटिज्म के चपेट के आने के बाद बच्चे का मानसिक संतुलन संकुचित हो जाता है। इस वजह से बच्चा परिवार और समाज से दूर रहने लगता है।

सीएम ने पूर्व मंत्री बिसाहू दास महंत के आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

■ सक्ती को दी 226 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय सक्ती के हटरी चौक में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी जयसिंह अग्रवाल, सांसद ज्योत्सना महंत, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, आरडीए अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान सक्ती में क्षेत्रवासियों को 226 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपए के 30 विभिन्न कार्यों की सौगात दी। इनमें 13 करोड़ 67 लाख 80 हजार रुपए 11 विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और 212 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत के 19

कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सक्ती में जिन कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें 10.79 करोड़ की लागत से निर्मित 4 सड़कों, 2.53 करोड़ रुपए की लागत से मरकामगोढी से खुशउडेरा अमलीडीह पहुंच मार्ग, 2.22 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम बघौदा से सुखरीकला तक मार्ग, 2.50 करोड रुपए की लागत से ग्राम करारी से गत्वा मार्ग और 3.54 लाख रूपए की लागत से संजयग्राम से बस्ती बाराद्वार मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा 20 लाख रूपए की लागत से शासकीय चिकित्सालय भवन सक्ती में ऑक्सीजन प्लांट के लिए शेड निर्माण, ग्राम गड़गोड़ी में 30 लाख रूपए की लागत से 2 यूनिट वर्क शेड स्ट्रांग रूम, 2 करोड़ 5 लाख 70 हजार रूपए की लागत से दारंग एनीकट का लोकार्पण शामिल हैं। इसके अलावा बम्हनीडीह के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बाराद्वार में 7 लाख रूपए की लागत से कला एवं संस्कृति कक्ष निर्माण, 7.6 लाख ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत की विदेश नीति किसी की मोहताज नहीं
देशहित में फैसला लेना इसकी खासियत: सर्गेई लावरोव

दिल्ली दौरे पर हैं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत की विदेश नीति की तारीफ की

■ उन्होंने कहा कि भारतीय विदेश नीति किसी देश के दबाव में नहीं आती है

■ उन्होंने कहा कि भारत की इच्छा पर रूस उसके साथ तेल का सौदा करने को तैयार है

नई दिल्ली। भारत की विदेश नीति किसी की मोहताज नहीं है और इसका स्वतंत्र मिजाज ही इसकी खासियत है। अमेरिका को यह भले ही अब तक समझ नहीं आई हो, लेकिन रूस यह अच्छे से जानता है और समझता भी है। यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के बीच दिल्ली दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने आज भी इसकी तस्दीक की। उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के बाद हुई कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि भारतीय विदेश नीति के केंद्र में वास्तविक राष्ट्रीय हित हैं और वह किसी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत के साथ तेल निर्यात के समझौते को तैयार: लावरोव

रूसी विदेश मंत्री ने भारत की तटस्थता की नीति से लेकर तेल आयात जैसे मुद्दों पर पूछे गए सवालों के स्पष्ट जवाब दिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत अगर रूस से तेल आयात करना चाहता है तो अमेरिकी प्रतिबंधों से लेकर पेमेंट सिस्टम तक, सबका रास्ता निकाला जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर भारत हमसे कुछ भी खरीदना चाहता है तो हम बातचीत को तैयार हैं और परस्परिक हित में समझौते को तैयार हैं।'

विदेश नीति के मामले में भारत जैसा ही है रूस

भारत की विदेश नीति पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि रूस की विदेश नीति भी भारतीय विदेश नीति के सिद्धांतों पर आधारित है। यही वजह है कि हम दोनों बड़े देशों के बीच दोस्ताना संबंध है और हम एक-दूसरे के भरोसेमंद साझेदार हैं। उन्होंने भारत-रूस के परंपरागत संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि हमने भारत के साथ कई दशकों से मजबूत रिश्ते बनाए हैं और यही रिश्ते हमारी बातचीत की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे बीच सामरिक साझेदारी है... इसी आधार पर हम विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं।'

रूस-यूक्रेन लड़ाई में कूटनीति का केंद्र बना भारत

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन की लड़ाई में भारत कैसे बन गया है अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का केंद्र, अमेरिका और यूरोपीय देशों से प्रतिबंधों की मार झेल रहे रूस से भारत को मिला सस्ता कच्चे तेल का ऑफर, महाराष्ट्र और दिल्ली में खुली जगह पर मास्क नहीं पहनने पर लगने वाला जुर्माना बंद, कर्नाटक में हिजाब के बाद अब हलाल मीट और मंदिरों में गैर-हिंदूओं के व्यापार पर बीजेपी ने सवाल उठाकर माहौल गर्माया। आइए संक्षेप में पढ़ते हैं 31 मार्च की दस बड़ी खबरें। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के बीच इंडिया अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का केंद्र बन गया है। राजधानी दिल्ली में विदेशी राजननियकों की यात्राओं और मुलाकातों का दौर चल रहा है। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कल को अगर चीन भारतीय सीमा में घुसता है तो भारत इस भरोसे ना रहे कि रूस उसकी मदद करेगा। रूस से भारत की कच्चा तेल खरीद पर दलीप ने कहा कि रूस पर लगे प्रतिबंधों की इससे भरपाई हो रही है जो ठीक नहीं है। वो रूस पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को लेकर अमेरिकी नजरिया भारत के सामने रखने आए हैं ताकि भारत इसमें सहयोग करे। दलीप से पहले जर्मनी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भारत के एनएसए अजित डोवाल से मिले थे। गुरुवार को डोवाल नीदरलैंड के एनएसए से दिल्ली में मिले। ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रस भी दिल्ली दौर पर हैं। गुरुवार की शाम विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलकर ट्रस ने भारत से रूस पर निर्भरता कम करने की बात की।

खैरागढ़ को लेकर वार पलटवार
भूपेश का रमन पर आरोप- आपने खैरागढ़वासियों का अपमान किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यह कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह खैरागढ़ को जब अपनी मातृभूमि मानते है और वही से आते है इसके बावजूद खैरागढ़ को छोड़कर उन्होंने कई जिले बना दिए लेकिन खैरागढ़ की उपेक्षा की। आज जब हम खैरागढ़ को जिला बनाने की बात कर रहे है तो आप सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह खैरागढ़वासियों का अपमान है। गौरतलब है कि खैरागढ़ उपचुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के घोषणापत्र में खैरागढ़ को जिला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोयला संकट पर...

सीएम ने कहा कि कोयले के संकट पर हमने भारत सरकार को पत्र लिखा है स्पंज आयरन प्लांटों को कोल लिंकिंग समय पर मिलनी चाहिए। साथ ही प्रदेशभर में स्थापित कोयले पर आधारित उद्योगों को पर्याप्त रूप से कोयला उपलब्ध होना चाहिए। पिछला साल भी कोयला संकट बना था, इस बार भी कोयले की संकट आने वाला है। इस दिशा में केन्द्र सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

नीति आयोग की बैठक को लेकर कहा-

श्री बघेल ने कहा कि आज हुई नीति आयोग की बैठक में मैंने प्रदेश की समस्याओं से अवगत कराया है। प्रदेश में केमिकल फर्टिलाइजर का उपायोग बहुत कम हो गया। हमारे द्वारा वर्मी कंपोस्ट तैयार किया जा रहा है। केन्द्र सकार फर्टिलाइजर कंपनी को जो सब्सिडी देती है उसे राज्य सरकार को देनी चाहिए। प्रदेश में कही भी पैरा को जलाया नहीं जाता है बल्कि यहां के किसान उस पैरा को गौठानों में दान करता है। इतने अच्छे कार्यों को केन्द्र सरकार को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रदेश में जल्द एथेनाल बनाने की योजनाएं तैयार की जा रही है इसके लिए 26 एमओयू भी किए जा चुके है। लेकिन हम इसे इसलिए स्थापित नहीं कर पा रहे है क्योंकि केन्द्र सरकार हमें एथेनाल बनाने की अनुमति नहीं दे रही है।

आंगनबाड़ी का बदला समय
छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी, कई जिलों में पारा 42 डिग्री से ऊपर

■ गुरुवार को रायपुर, दुर्ग का अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ऊपर रहा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। मार्च के आखिरी सप्ताह से सूर्य देवता का ताप बढ़ा है, जिससे अभी राहत की उम्मीद नहीं है। गुरुवार को राजधानी सहित दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ऊपर रहा। रायपुर में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 42.5 डिग्री मुंगेली जिले में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। इधर भीषण गर्मी को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय बदल दिया है।

महानदी भवन मंत्रालय से संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव के हस्ताक्षर से जारी आदेश के मुताबिक अब आंगनबाड़ी सुबह 7 से 11 बजे तक खुलेंगे। आंगनबाड़ी के संचालन का समय कम करते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

परीक्षा पे चर्चा 2022 : पीएम मोदी बोले-
किनारे पर आकर डूबने का डर मन से निकाल दें छात्र, परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा पे चर्चा के दौरान छात्रों से बातचीत की और उन्हें परीक्षा को त्योहार के रूप में मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किनारे पर आकर डूबने का डर मन से निकाल दें, परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है।

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पीएम मोदी ने बच्चों से कहा कि यह मेरा पसंदीदा कार्यक्रम है, लेकिन कोविड के कारण मैं आपसे नहीं मिल सका। इससे मुझे विशेष

खुशी मिलती है क्योंकि मैं आपसे लंबे समय बाद मिल रहा हूं।

उन्होंने कहा कि कौन तनाव में है? आप या आपके माता-पिता? यहां और भी लोग हैं जिनके माता-पिता तनाव में हैं। अगर हम परीक्षा को एक त्योहार बनाते हैं तो यह जीवंत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुको में महाराष्ट्र सरकार की याचिका खारिज,
पूर्व गृह मंत्री देशमुख के खिलाफ जारी रहेगी सीबीआई जांच

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित एक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से लेकर अदालत की निगरानी वाली विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की मांग संबंधी राज्य सरकार की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ ने बम्बई उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इससे पहले उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी।

महाराष्ट्र सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष दलील देते हुए कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मनरेगा में होगी 11 नए लोकपालों की भर्ती

रायपुर। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत 11 नए लोकपालों की नियुक्ति की जाएगी। राज्य मनरेगा कार्यालय द्वारा प्रदेश के 11 जिलों बेमेतरा, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बालोद, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, सुकमा, सूरजपुर और मुंगेली में लोकपाल के एक-एक पद पर राज्य स्तरीय भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी इसके लिए 22 अप्रैल 2022 तक, शाम पांच बजे तक अपना आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

गरमा-गरम

आधुनिक खेती... जशपुर से निकलकर देश के दूसरे हिस्सों में पहुंचा पौष्टिक और स्वादिष्ट काजू
आदिवासियों की जिंदगी में घुल रही जशपुरिया काजू की मिठास

जशपुर/नवप्रदेश। काजू का मीठा स्वाद अब छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल जशपुर जिले में लोगों के जीवन में मिठास घोल रहा है। अब तक धान उत्पादन के भरोसे साल में एक फसल लेने वाले ये किसान काजू के माध्यम से पूरे साल आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। काजू प्रोसेसिंग यूनिट ने भी उन्हें नई राह दिखाई है। राज्य में अब परम्परागत खेती से अलग कृषि क्षेत्र में अनेक नवाचार हो रहे हैं। इसी कड़ी का हिस्सा जशपुर में होने वाली काजू की खेती है। यहां जिले के करीब आठ हजार किसान काजू की खेती से जुड़े हैं और बेहतर आय प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्राइफेड सेतू की भूमिका निभा रहा

जशपुर के किसानों और बाजार के बीच ट्राइफेड सेतू की भूमिका निभा रहा है। प्रोसेसिंग प्लांट से प्रसंस्करण और पैकेजिंग के बाद निकलने वाले काजू के लिए बाजार उपलब्ध कराने का काम ट्राइफेड कर रहा है। वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगने वाले मेला और एग्जीबिशन समेत दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे देश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संजीवनी केन्द्रों में भी जशपुर काजू

जशपुर काजू की बढ़ती मांग को देखते हुए इसके मार्केटिंग पर भी खासा ध्यान दिया जा रहा है। राज्य शासन के जरिए भी लगातार अनेक माध्यमों से जशपुर काजू को प्रमोट किया जा रहा है। वन विभाग की ओर से संचालित संजीवनी केन्द्रों में काजू को जशपुर ब्रांड नेम से बेचा जा रहा है। वहीं अब इसे ऑनलाइन मार्केट प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध कराने की कवायद हो रही है।

लगभग 8 हजार किसान काजू की खेती से जुड़े

काजू की खेती और प्रसंस्करण के बाद बाजार में मिलने वाली कीमत को देखते हुए जिले में लगातार किसान काजू की फसल लेने लगे। जानकारी के मुताबिक जशपुर जिले के अंतर्गत दुलदुला में दो हजार किसान, कुनकुरी में दो हजार, कांसाबेल में एक हजार, पत्थलगांव में 800 और फरसाबहार में 500 किसान काजू की खेती कर रहे हैं। वहीं वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से किए गए काजू प्लांटेशन से करीब डेढ़ हजार किसान जुड़कर खेती कर रहे हैं। इस तरह से लगभग आठ हजार किसान काजू की खेती से जुड़कर आय प्राप्त कर रहे हैं।

धन्वंतरी योजना में ग्राहकी और भरोसा दोनों बढ़ा, कम कीमत में अच्छी क्वालिटी का लोगों को मिल रहा लाभ

ग्राहक बनकर धनवंतरी मेडिकल में पहुंचे निगमायुक्त प्रकाश सर्वे

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। भिलाई में अब तक पांच धन्वंतरी मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं, लोगों में मेडिकल के प्रति विश्वसनीयता बढ़ती जा रही है, कम कीमत में अच्छी क्वालिटी की दवाइयां इस योजना से मिल रही है। आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अचानक ग्राहक बनकर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पहुंचे और उन्होंने मेडिकल स्टाफ से दवाइयों की उपलब्धता को लेकर चर्चा की। उन्होंने मेडिकल दुकान में आए हुए ग्राहकों से भी बात की। ग्राहकों ने बताया कि कम कीमत पर अच्छी दवाइयां उपलब्ध हो रही है जिससे हम मेडिकल के रेगुलर ग्राहक बन गए हैं। लंबी बीमारी से जूझ रहे लोगों को दवाइयों की ज्यादा जरूरत होती है तथा उन्हें दवाइयों का सेवन प्रतिदिन भी करना पड़ता है ऐसे में धन्वंतरी मेडिकल योजना कारगर साबित हो रही है लोगों को पैसों की बचत हो रही है वही गुणवत्तापूर्ण दवाइयों का सेवन कर

मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। इधर जब से मेडिकल स्टोर्स भिलाई में खुले हैं लोग मेडिकल में पहुंचकर दवाइयां ले रहे हैं। दवाइयों के साथ ही मेडिकल स्टोर्स में अन्य जरूरी हर्बल प्रोडक्ट भी उपलब्ध है। वर्तमान में भिलाई में महिला मदर्स मार्केट पावर हाउस, शास्त्री मार्केट पावर हाउस, 18 नंबर रोड आंगनबाड़ी के पास, भगवा चौक कुरूद तथा सुपेला शास्त्री अस्पताल में धन्वंतरी के मेडिकल स्टोर्स संचालित है। मेडिकल स्टोर्स में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दवाइयां लेने पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन ग्राहकी के मुताबिक हजारों रुपयों की बचत लोगों की हो रही है। अब तक की बचत की बात करें तो 49 लाख का फायदा लोगों को दवाई खरीदने से छूट के माध्यम से मिला है। 251 से अधिक प्रकार की दवाइयां मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध है। लोगों की सुविधाओं को देखते हुए निगम के 4 जोन क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स संचालित हो रहे हैं। लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में लाभ प्रदान करने तथा कम आय वर्ग के लोगों के बजट को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने धनवंतरी मेडिकल योजना लागू किया है।

एनआर रत्नेश होंगे जोन क्रमांक 5 के आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने एनआर रत्नेश राजस्व अधिकारी, राजस्व विभाग को जोन क्रमांक 5 में जोन आयुक्त का प्रभार दिया है, वही जोन क्रमांक 5 में जोन आयुक्त रही प्रीति सिंह को हटाकर उन्हें मुख्य कार्यालय में महत्वपूर्ण कार्यों का नोडल अधिकारी बनाया है। निगमायुक्त ने इसका आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने प्रीति सिंह को मुख्य कार्यालय में डे एनयूएलएम, जनगणना शाखा, क्यूडीसी सर्वे एवं निर्वाचन, समस्त जोन क्षेत्र के गोधन/गौठान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। निगम आयुक्त के आदेश जारी करते ही यह आदेश तत्काल रूप से प्रभावशील हो गया है। उल्लेखनीय है कि प्रीति सिंह जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 के रूप में भी कार्य कर चुकी है, एनआर रत्नेश रायपुर से स्थानांतरण पश्चात भिलाई में पदस्थ हुए हैं तथा राजस्व विभाग का कार्य संभाल रहे थे।

एसएमएस-2 में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुश्रील कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता षपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुशील कुमार ने उपस्थित सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को स्वच्छता षपथ दिलवायी। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) श्री सुशील कुमार ने अपने उदबोधन में कहा कि आप सब अपने घरों की सफाई अवश्य ही करते हैं, उसी प्रकार हम सब को भी स्वच्छता की षुरूआत अपने से, अपने घर-परिवार से, गांव-मुहल्ले से, अपने कार्यस्थल से करनी है। तभी हम स्वच्छ भारत मिषन को सफ ल बना सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि शिरोमणी पुरस्कार कार्यक्रम आपके कार्यक्षमता को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। एमएमएस-2 के 12 श्रमवीरों को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित सुधीर कुमार महाप्रबंधक (एसबीएस), आलोक तिवारी, महाप्रबंधक (मेकेनिकल), योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक (विद्युत) प्रदीप कुमार मिश्रा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। सुरक्षा विषय पर महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी डीएन केसरी तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध विषय पर सहायक प्रबंधक विजय कुमार ने अपने विचार रखें।

मेयर,अध्यक्ष और पार्षद निधि डेढ़ गुना बढ़ी, मानदेय भी बढ़ा

दुर्ग (नव प्रदेश)। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया से मुलाकात कर पार्षद, महापौर एवं सभापति के मानदेय को दुगना करने एवं पार्षद निधि को डेढ़ गुना करने के लिए सभापति राजेश यादव ने नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया से मुलाकात कर आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। निगम के सभापति राजेश यादव ने पद्मावतीपुर दरबार खपरी गोपालपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए भारी मतों से जितने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बनाई।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बहुर सिंह आ. अमरसिंह जाति गोंड़ साकिन जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 492/5 का टु. रकबा 0.06 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से बंदोबस्त पूर्व क्रय किया था जिसका वर्तमान ख.नं. 1192/2 रकबा 0.06 हे. है। जो बंदोबस्त के समय नक्शा में त्रुटि हो गई है, के सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है जिस पर न्यायालय में प्रकरण न्यायालय लंबित है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त अनुसार अभिलेख सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/04/22 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- //अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्योधन प्रसाद पिता मेहरूराम देवांगन निवासी ग्राम रिसाली तह. व जिला दुर्ग के नाम पर ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं दुर्ग-1 स्थित भूमि ख.नं. 154/180 रकबा 0.016 हे. भूमि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि को विक्रेता दयाराम वल्द विजयराम देशमुख साकिन रिसाली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09/01/1987 को क्रय कर काबिज है एवं आवेदक की उक्त भूमि का प्रमाणीकरण दिनांक 05/06/1987 को हो चुका है। जिसकी संशोधन क्रमांक 19 दिनांक 12/03/1987 है। उक्त भूमि का ऑन लाईन रिकार्ड हल्का पटवारी के द्वारा नहीं किया गया है। उक्त भूमि का ऑन लाईन दर्ज किया जाकर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/04/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/03/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202203101000164/202203101000164
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती कविता साहू / अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कविता साहू पति राजेश कुार पता आशा नगर दुर्ग भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 2018/2 रकबा 0.02 हे./ 2000 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है उपरोक्त वर्णित वाद भूमि से संबंधित नक्शा में त्रुटि सुधार करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 18/04/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/03/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400520

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रीती बजाज, अन्य1 पति श्री राजेश बजाज निवासी क्वा. नं. 4 डी, के पाकेट मरोदा सेक्टर भिलाई तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 982/73 रकबा 0.016 हें/ 1750 वर्गफीट भूमि के 100 वर्गफीट रोड रास्ता तथा शेष भूमि 750 वर्गफुट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202203101000188/202203101000188
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरूद प.ह.न. 00019 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / जसुमति अनावेदक पक्षकार - छ.ग.शासन

ईश्तहार

आवेदक जसुमति पति स्व. सुखदेव मेहता पता सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19अ रा. नि. मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1574/320, 1594/56 रकबा 0.0100 हे. भूमि जसुमति देवी पति सुखदेवी मेहता के नाम पर दर्ज है जिसमें आवेदिका की पति का नाम सुखदेवी मेहता दर्ज हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण है सही नाम सुखदेव मेहता है को त्रुटि सुधार किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 19/04/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/03/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता कुसुम साहू पिता खौमलाल साहू आयु 33 वर्ष, जाति तेली निवासी ग्राम महमरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मैने कक्षा 5वीं के शालेय प्रमाण पत्र में मेरा नाम हेमीन बाई साहू पिता खौमलाल साहू दर्ज है तथा मेरे दाखिल खारिज में हेमीन बाई पिता खौमलाल साहू दर्ज है। मेरे राशन कार्ड, आधर कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम कुसुम साहू दर्ज हो गया है जो कि सत्य एवं सही है। उक्त शपथ पत्र मुझे कक्षा पहली की दाखिला खारिज प्राप्त करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है तथा मेरे शालेय के अनुसार मेरा नाम हेमीन साहू के स्थान पर कुसुम साहू पिता खौमलाल साहू के नाम से गजट प्रकाशन करने के समर्थन प्रस्तुत है।

शपथकर्ता कुसुम साहू

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400339

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कुमारी साहू पति श्री टिकेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम मतवारी तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1057/39 रकबा 0.010 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/1134/ वाचक/2022 गुण्डरदेही

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीला शंकर चंद्राकर पिता मोहित चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम गोरकापार प.ह.नं.13 तह. गुण्डरदेही जिला बालोद ने आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के दादाजी स्व. लक्ष्मीनाथ चंद्राकर पिता स्व. बोधन लाल निवासी गांधी गोरकापार तह. गुण्डरदेही जिला बालोद के नाम से मौजा ग्राम गोरकापार में स्थित भूमि ख.नं. 29, 30 42, 308, 327, 349, 460, 461, 653, 669, 683 रकबा 0.06, 2.59, 0.42, 0.17, 0.03, 0.02, 0.01, 0.67, 0.03, 0.48, 0.65 कुल खसरा नं. 11 कुल रकबा 5.13 हे. और आबादी कमान को अपने नाती लीली शंकर चंद्राकर पिता मोहित चंद्राकर के नाम से अपने जीवन काल विगत 10 नवम्बर 2014 को अपने नाती के पक्ष में नोटरी से सत्यापित वसीयतनामा निष्पादित किया है। अतः वसीयतनामा के आधार पर उपरोक्त खसरे की भूमि एवं काबिज आबादी मकान को आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 25/04/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/03/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400487

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रशांत कुमार जैन आ. सुरेशचंद जैन निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 609/9 रकबा 0.0319 हें/ 3436.55 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202203100600086

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पवन शर्मा पिता/पति श्री गोविंद प्रसाद शर्मा निवासी मदनमोहन जी मंदिर मथुरा स्वामी घाटर (उ.प्र.) के द्वारा ग्राम मगरघटा प.ह.न. 58 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 402/11 रकबा 0.0169 हें/ 1821 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 13/04/22 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400460

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रमनी सुब्रमनियन आ.आर. सुब्रमनियन निवासी चौहान टाऊन जुनवानी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 394/8 रकबा 0.018 हें/ 1920 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400485

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सोनल गुप्ता आ. राजेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी गौशाला वार्ड गांदिया द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 332/30 रकबा 0.010 हें/ 1049 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400521

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका ज्योति परमार पति घनश्याम परमार निवासी सरस्वती स्कूल रोड बेमेतरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1/55 रकबा 0.013 हें/ 1410 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400510

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक एम.शंकर राम आ. एम. जोसेफ अन्य-1 निवासी सेक्टर-5 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 6/5 रकबा 0.013 हें/ 1410 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400508

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अशोक कुमार आ. शमहुत यादव निवासी चौहान टाउन जुनवानी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 4/249 रकबा 0.015 हें/ 1590 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400539

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका स्वाती गोयल पति आशीष गोयल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 4/141 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं इकरारकर्ता श्री शरद जैन आ. स्व. कुंदन लाल जैन निवासी रूआबांधा जैन मंदिर रोड, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने श्रीमती बेलसिया बाई साहू ध.प. ईश्वर साहू, निवासी उमरपोटी, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम उमरपोटी, प.ह.नं. 42, खसरा नं. 243/2, 251/2, रकबा क्रमशः 0.08, 0.07 हे. को मेरे पक्षकार श्री महेन्द्र प्रताप यादव श्री रामनरेश यादव निवासी 1/3, मैत्री नगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से विक्रय करने का पक्का सौदा लिखित इकरारनामा के माध्यम से दिनांक 22/11/2021 को निष्पादित कर अग्रिम राशि प्राप्त कर चुका है। उपरोक्त वर्णित भूमि की सीमा से संबंधित स्थिति स्पष्ट न होने के कारण मेरा पक्षकार आज दिनांक तक वर्णित भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में नहीं करा पाया है तथा आज दिनांक तक पूर्व में किएए गए लिखित इकरारनामा का निस्तारीकरण भी नहीं किया गया है। अतः सीमा विवाद का निराकरण होने के पश्चात मेरा पक्षकार तत्काल वर्णित भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में किए जाने हेतु तैयार व तत्पर है। अतः उक्त आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को यह ताकीत किया जाता है कि वर्णित भूमि को कोई भी व्यक्ति विशेष संस्था क्रय किए जाने का प्रयास न करे ना ही इकरारकर्ता व भूमि स्वामी से किसी भी प्रकार का इकरारनामा निष्पादित करें। इस प्रकार उक्त भूमि के क्रय विक्रय किए जाने से अनावश्यक रूप से वाद-विवाद की स्थिति उत्पनन हो सकती है जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की जवाबदारी व जिम्मेदारी स्वयं खरीददार ही होगी।

अधिवक्ता संजीव मिश्रा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400538

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सोनिया गोयल पति अमित गोयल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1/38 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400531

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रभा देवी पति जितेन्द्र कुमार निवासी मोहन नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 4/244 रकबा 0.015 हें/ 1590 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400540

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक आशीष गोयल आ. चैतराम गोयल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1/42 रकबा 1000 हें/ 1590 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती गुरनाम कौर — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202203100400551

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गुरनाम कौर पति श्री कुन्दन सिंह निवासी शांति नगर कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	7575/3	0.040 हें 4000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202203100400509

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक धर्मेश कुमार सिन्हा आ. सोम कुमार सिन्हा निवासी आनंद विहार बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 12/6 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/03/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202204100900002/202204100900002
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

सांतरा प.ह.न. 00022 (796/2 (0.1300 हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / कुमार सोनवानी अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कुंवर सोनवानी आ. जगत निवासी ग्राम सांतरा तह. पाटन द्वारा ग्राम सांतरा प.ह.नं. 22 तह. पाटन में स्थित कृषि भूमि खसरानं. 796/2 रकबा 0.13 हे. स्थित है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदान करने के लिए आवेदन किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 18/04/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2022 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202203100900103/202203100900103
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

लोहरसी प.ह.न. 00020
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / मुकुंद राम चन्द्राकर अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मुकुन्द राम चन्द्राकर आ. स्व. पुनीत राम चंद्राकर निवासी लोहरसी तह. पाटन द्वारा ग्राम लोहरसी प.ह.नं. 20 तह. पाटन द्वारा ग्राम लोहरसी की कृषि भूमि खसरा नं. 826, 833, 456, 975/1, 736/1, 978, 979, 878, 881, 736/1, 832/1 रकबा क्रमशः 0.35, 0.38, 0.45, 1.05, 0.08, 0.40, 0.32, 0.23, 0.37, 0.08, 2.42 को मुकुन्द राम, अजीत राम, टेमन लाल, गोपाल प्रसाद एवं ग्राम लोहरसी की आबादी भूमि (घर) का बंटवारा बारी का सम्पूर्ण हिस्सा ख. नं. 630/186 का कुल रकबा 245 वर्गमीटर है का पूर्ण हिस्सा मुकुन्द राम तथा खसरा नं. 630/187 का कुल रकबा 594 वर्गमीटर है का रकबा 330 वर्गमीटर मुकुन्द राम के हिस्से में तथा शेष 294 वर्गमीटर गोपाल प्रसाद चन्द्राकर के हिस्से में रहेगा। उक्तानुसार आपसी बंटवारा आधार पर खाता विभाजन किए जाने आवेदन किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 19/4/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/03/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202203101500031/202203101500031
विषय: अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

ठकुराईनटोल प.ह.न. 00037 (19/1 (0.9100 हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / कुंजलाल अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम ठकुराईनटोल ह.नं. 37 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कुंजलाल पिता गंगाराज निवासी ग्राम ठकुराईटोला तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम ठकुराईनटोल ह.नं. 37 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थिति अपने नाम दर्ज भूमि ख.नं. 19/1, 111, 240, 241/1, 236/1 रकबा क्रमशः 0.91, 0.36, 0.63, 0.38, 0.31 हे. कुल ख. नं. 005 कुल रकबा 2.59 हे. को आपसी सहमति आधार पर आवेदक एवं उनके वैध वारिसानों के नाम पर खाता विभाजन किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक कुंजलाल पिता गंगाराम द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि खाता विभाजन किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 05/04/22तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202203103300083//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण धनंजय चौबे, जयप्रकाश चौबे आ.स्व. तुकाराम, निवासी मकान नं. 181 वार्ड नं. 32 ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि ख.नं. 192/6, 192/12, 192/13 एवं 192/14 के राजस्व रिकार्ड में उपरोक्त खसरा तथा रकबा अलग अलग है किन्तु नक्शा में सभी खसरा नं. 192/6, 192/12, 192/13, एवं 192/14 एक ही नक्शे में समाहित है, जिसमें आवेदक खसरा नं. 192/6, 192/12, 192/13 एवं 192/14 का अलग अलग खसरावार नक्शा बटांकन एवं नक्शा में त्रुटिसुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/04/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/03/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता श्रीमती रागिनी चन्द्राकर पति श्री हरि राम चन्द्राकर जाति कुर्मी पता पोटिया चौक दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न 40 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 743/1 रकबा 0.400 हे. में से 3240 वर्गफीट लगान पटवारी अभिलेखानुसार भूमि विक्रेता नमन कुमार जैन पिता अशोक कुमार जैन, अशोक कुमार जैन पिता श्री लक्ष्मीचन्द जैन निवासी गया नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13/03/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 13/04/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202203100700281//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अल्का देशमुख पति एस.के देशमुख निवासी ग्राम मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 249/38 रकबा 0.0270 हे. भूमि को विक्रेता जगनारायण चौहान पिता लालचन चौहान निवासी ग्राम महाराण प्रताप नगर बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09/03/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/04/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31/03/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

मनरेगा मजदूरी में सिर्फ 11 रु की बढ़ोतरी गरीबों के साथ भद्दा मजाक : कांग्रेस

छग के भाजपा नेता मोदी की चाटुकारिता में गरीबों के साथ हुए अन्याय पर ताली बजा रहे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की मजदूरी सिर्फ 11 रुपये बढ़ाने को नाकाफी बताये जाने का समर्थन करते हुए कहा है कि राशन सामग्री, रोजमर्रा के उपयोग की घरेलू वस्तुओं के दाम दुगुने से भी अधिक बढ़ गए है। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी में केंद्र सरकार ने मात्र 11 रु बढ़ाया गया है जो नाकाफी तथा देश के गरीबो के साथ अन्याय है। केंद्र द्वारा की गई मात्र 11 रु बढ़ोतरी पर ताली पीटने वाले भाजपा नेताओं से प्रदेश के मजदूर जानना चाहते है मंहगाई के इस जमाने मे 11 रु में गरीब को क्या राहत मिलेगी? यह मोदी सरकार का गरीबों से भद्दा मजाक है? भाजपा नेता गरीबो के साथ हुए अन्याय पर भी ताली बजा रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक छत्तीसगढ़ में रहकर राज्य की गरीब जनता, मजदूरों और किसानों के हक की आवाज उठाने की बजाय दिल्ली के इशारों पर ताली बजाने की राजनीति कर रहे हैं। यदि उनमें छत्तीसगढ़ की माटी के प्रति तनिक भी लगाव है तो छत्तीसगढ़ का रोका गया जीएसटी क्षतिपूर्ति का पैसा एकमुश्त दिलाएं।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में मनरेगा मजदूरी अपर्याप्त बताया जाना भाजपा नेताओं को रास नहीं आ सकता। गरीबों की हमदर्द कांग्रेस ही इस बेतहाशा महंगाई के दौर में गरीब मजदूरों का दर्द समझ सकती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मजदूरों को उनके श्रम का उचित पारिश्रमिक दिलाना चाहते हैं और भाजपा नेताओं को मजदूरों के पसीने से बदबू आ रही है। वोट लेने के लिए भाजपा को सबसे पहले यही गरीब श्रमवीर दिखते हैं लेकिन जब मोदी सरकार इनके पेट पर लात मारने की हठधर्मी दिखाती है तो भाजपा के सारे नेता तानाशाही फित्तरत रखने वाले अपने मालिक के हुक्म के मुताबिक करेले को आम बताने में लग जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष कौशिक द्वारा 11 रुपये की बढ़ोतरी का स्वागत और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साय द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मजदूर हितैषी भावना पर आधारहीन विरोध करना यही साबित कर रहा है। केंद्र सरकार हर रोज महंगाई बढ़ा रही है। इसके मुकाबले गरीब जनता को राहत देने के लिए कोई कदम उठाना तो दूर मनरेगा मजदूरों के साथ भी मजाक कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कभी भाजपा नेता राज्य के हितों पर राजस्थान की वकालत करते देखे जाते हैं, तो कभी किसानों की धान खरीदी में बारदाना संकट पैदा करने पर खुश होते हैं, कभी छत्तीसगढ़ के किसानों और खेतिहर मजदूर को न्याय मिलने पर दुखी होते हैं, कभी राज्य के बेघर लोगों को घर मिलने से वंचित किये जाने पर प्रसन्न होते हैं, तो कभी छत्तीसगढ़ का डीएपी, यूरिया कोटा कटने पर इनके चेहरे पर लाली आती है, तो कभी जीएसटी क्षतिपूर्ति की मियाद बढ़ाने की न्यायसंगत मांग उठाये जाने पर इनके हृदय को आघात लगता है। भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ के हितों पर हो रहे कुठाराघात में भागीदारी कर रहे हैं। इनका चरित्र छत्तीसगढ़ की जनता सवा तीन साल से देख रही है। सत्ता में रहते हुए जिस छत्तीसगढ़ को लूटते रहे, उसी छत्तीसगढ़ का विकास और जनता की खुशहाली अब इनसे देखी नहीं जा रही है।

न्यूज गैलरी

विस अध्यक्ष डॉ. महंत ने पिता बिसाहू की जयंती पर स्मरण कर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पिता स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर स्मरण कर दी श्रद्धांजलि। डॉ महंत ने कहा कि, पिता स्व. श्री बिसाहू दास महंत के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के चलते समाज सेवा, जनसेवा के कार्य करने का हरसंभव प्रयास करते हैं, और नाम के अनुरूप चरणों का दास बने रहने के कार्य करता हूँ। बता दें कि बिसाहू दास महंत मध्य प्रदेश के लिए एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे मध्यप्रदेश की प्रथम कैबिनेट के मंत्री रहे हैं, वह राज्य में कांग्रेस द्वारा निर्मित सबसे सफल विधायक थे, और उन्होंने बाराद्वार का प्रतिनिधित्व किया, कोषा को व्यापार और राष्ट्रीय पटल के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाने का कार्य किया। स्व. महंत जीवनभर जनसेवा से जुड़े रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ ही उनकी छवि एक सफल राजनेता की रही है। वे अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए समर्पित रहे। उन्होंने क्षेत्र में खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के निर्माण से लोगों की बेहतरी के लिए काम किया। जिसे आज कांग्रेस भूपेश सरकार राज्य के श्रेष्ठ बुनकरों को हर साल पुरस्कृत करती है। यह सम्मान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहू दास महंत की स्मृति में दिया जाता है।

महानदी पर डाइक निर्माण के लिए 5 करोड़ 60 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा रायपुर जिले के अभनपुर विकासखड में महानदी पर डाइक निर्माण के लिए 5 करोड़ 60 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस डाइक के निर्माण होने से भू-जल प्रवाह को रोककर जल संग्रहण से आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर में वृद्धि एवं ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर बरकरार रहेगा। जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ महानदी भवन से डाइक निर्माण के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जारी पत्र में स्वीकृत राशि एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सुन्दर लाल जोगी ने तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर जनसमस्याएं सुनीं

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी ने नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 साहुपारा के पास तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता से सम्बंधित जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का शीघ्र नियमानुकूल निदान जनहित में प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया. इस दौरान एमआईसी सदस्य जोगी ने वार्ड के निवासियों को नए राशन कार्ड वितरित किये, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, काटने की कार्यवाही हेतु आवेदन जमा करवाये, निराश्रित पेंशन एवं परिवार सहायता योजना से सम्बंधित आवेदन जमा करवाये. पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ने शिविर में लोगों से जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उनका यथासंभव निदान करवाने के प्रति वार्डवासियों को आश्वास्त किया.

पार्षदों का मानदेय बढ़ाने पर संसदीय सचिव ने माना मुख्यमंत्री का आभार

जगदलपुर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा का आभार माना। उन्होंने कहा की प्रदेश के निकायों मे जिस तरह से विकास कार्य हो रहे हैं। अब निधि बढ़ने से इसमे और तेजी आएगी। विधायक ने कहा की मुख्यमंत्री द्वारा जिस तरह गांवों और शहरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का निर्णय लगातार ले रहे हैं। इसकी चर्चा पूरे देश मे हो रही है। अब नगर निगम को 10 करोड़, नगर पालिका को 5 करोड़ एवं नगर पंचायत को 3 करोड़ के अलावा सभी नगर निगम के महापौर, सभापति, नगर पालिका के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सभी पार्षदों का मानदेय तथा वितिय शक्ति को बढ़ाकर दुगुना किये जाने के साथ सभी महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि को डेढ़ गुना किये जाने से प्रदेश के हर हिस्सों की विकास गति को और तेज रफ्तार मिलेगी। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों मे अधोसंरचना विकास एवं जनसुविधा के कार्यो के लिए 579 करोड़ की राशि दिए जाने से पूरे प्रदेशवासियों के बीच हर्ष और विश्वास का माहौल है। जस तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेशवासियों को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से गोधन न्याय योजना के तहत 13.62करोड़, शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक योजना के तहत 10करोड़ 91लाख की बीमा राशि का भुगतान किया गया। जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है। इन योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष आभार करते हुए कहा की आपके नेतृत्व मे जो जनहितकारी कार्य लगातार किये जा रहे है जिससे हर वर्ग मे जोन कहेन तेन करेन का विश्वास बढ़ा है। एवं प्रदेश खुशहाली के साथ साथ प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

पुष्पांजलि, भजन-कीर्तन कर जिन्दल कर्मचारियों ने ओपी जिन्दल को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग जगत के पुरोधा, जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के संस्थापक चेयरमैन, हरियाणा के पूर्व ऊर्जा मंत्री, कुरुक्षेत्र से 11वीं लोकसभा के सांसद और समर्पित समाजसेवी श्री ओपी जिन्दल को उनकी 17वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया। यहां मशीनरी डिवीजन के हेरिटेज पार्क में इस अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि सभा में कंपनी के प्रेसिडेंट श्री प्रदीप टंडन ने कहा कि एक साधारण किसान परिवार में जन्मे श्री ओपी जिन्दल अपने जीवन की उपलब्धियों के माध्यम से उद्योग जगत के पुरोधा, राजनीति के शिखर पुरुष और समर्पित समाजसेवी के रूप में प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनका जीवन सादगी और पौरुष का अनूठा उदाहरण है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने उसूलों से समझौता नहीं किया और आत्मनिर्भर, मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सदैव समर्पित रहे। बिजनेस यूनिट हेड श्री नीलेश टी. शाह ने कहा कि बाऊजी श्री ओपी जिन्दल का व्यक्तित्व और आदर्श आज भी लाखों देशवासियों को सुखद भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित कर रहा है। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए चेयरमैन श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व में पूरा जिन्दल परिवार राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान के लिए कटिबद्ध है।

यूनिट हेड श्री अरविंद तगई ने कहा कि बाऊजी बदलाव के अग्रदूत थे, उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इतिहास रचा और राष्ट्र को मजबूत बनाया। सदैव स्मरणीय बाऊजी के बारे में कहा जाता है कि जहां दुनिया ने दीवार देखी, बाऊजी ने द्वार देखे।

उनका एक ऐसा दूरदर्शी एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व है, जो एक सफल उद्योगपति, जनप्रतिनिधि, राजनेता और समर्पित समाजसेवी के रूप में लाखों देशवासियों को प्रेरित कर रहा है। विपरीत परिस्थितियों में भी वे देशहित और समाज हित में चट्टान की तरह अडिग रहे और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहे। कारखाना प्रबंधक श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि बाऊजी ने अपने हाथों से कई मशीनें बनाई और देश को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया।

मशीनरी डिवीजन इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां सिर्फ जिन्दल स्टील एंड पावर ही नहीं बल्कि देश-विदेश के अनेक कल-कारखानों के लिए मशीनें बनाई जा रही हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्मिक विभाग के प्रमुख सूर्योदय दुबे ने कहा कि बाऊजी हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और उन्होंने अपने सपनों के भारत के निर्माण करने का जो सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर मशीनरी डिवीजन के समस्त कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित थे। बाऊजी ओपी जिन्दल की 17वीं पुण्यतिथि पर मशीनरी डिवीजन स्थित शिव मंदिर में प्रातः भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और माना स्थित वृद्धाश्रम में राशन, फल और वस्त्रों का वितरण भी किया गया

जनता कांग्रेस ने घोषणा पत्र का नकल करने का लगाया कांग्रेस पर आरोप

रायपुर/राजनांदगांव/खैरागढ। जनता कांग्रेस छत्तीगसढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा खैरागढ़ के लोगों ने खैरागढ़ को पृथक जिला बनाने के लिए लड़ाई लड़ी। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने इसका पुरजोर समर्थन किया। जेसीसीजे के प्रत्याशी नरेंद्र सोनी पृथक खैरागढ़ जिले की मांग का नेतृत्व करते रहे हैं। अब उनका मुकाबला करने के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस चुनाव जीतते ही पृथक खैरागढ़ जिला के निर्माण की घोषणा कर रही है। अमित जोगी कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा देवव्रत सिंह के जीते जी कांग्रेस ने हमेशा उन्हें प्रताड़ित किया। इसी प्रताड़ना से तंग आकर देवव्रत सिंह ने जेसीसीजे का दामन थामा था। अब चुनाव जीतने के लिए मुख्यमंत्री खैरागढ़ में स्वर्गीय देवव्रत सिंह की आदमकद प्रतिमा लगाए जाने की घोषणा कर रहे हैं। यह केवल के दिखावी घोषणा है। यदि कांग्रेस दिल से देवव्रत सिंह का सम्मान करती तो उनकी कांग्रेस पार्टी में ऐसी बेइज़्ज़ती नहीं करती। मुख्यमंत्री की इस दिखावी घोषणा से स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह की आत्मा को बहुत ठेंस पहुंची होगी। श्री देवव्रत सिंह का जुड़ाव हमेशा से ही मेरे पिताजी स्वर्गीय अजीत जोगी और जोगी परिवार से रहा है। 2007 के राजनाँदगाँव लोकसभा उपचुनाव में इसी क्षेत्र की जनता ने उन्हें संसद पहुँचाया था। उस चुनाव अभियान का नेतृत्व मेरे पिताजी ने किया था और अजीत जोगी जी उस चुनाव में देवव्रत सिंह के स्टार प्रचारक भी रहे थे। खैरागढ़ की जनता देवव्रत सिंह के बहनोई को रिकॉर्ड मतों से जीताकर श्री देवव्रत सिंह जी और अजीत जोगी को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देगी। साथ ही पृथक खैरागढ़ जिले के निर्माण की लड़ाई लड़ने वालों के साथ भी इससे न्याय होगा। मरवाही की जनता को भी अजीत जोगी ने अत्यंत प्रेम रहा है। मुख्यमंत्री को क्षेत्रवासियों का यदि इतना ही ध्यान है तो मरवाही में उन्होंने अजीत जोगी की प्रतिमा क्यों नहीं स्थापित करवाई। इतना ही नहीं बिरगांव में अजीत जोगी की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति प्रशासन ने क्यों नहीं दी? 2020 में मरवाही उपचुनाव के समय भी कांग्रेस पार्टी ने मरवाही क्षेत्र के लिए करोड़ो की घोषणाएं की। इनमें से कितनी घोषणाएं आज अमल में आयी हैं? जबकि लगभग 2 वर्ष बीत चुके हैं। खैरागढ़ की जनता को भी मुख्यमंत्री मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने का प्रयास कर रहे हैं।

महापौर के जनचौपाल में 150 से अधिक मांग, समस्या को लेकर पहुंचे नागरिक

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में निरन्तरता से जनसमस्याओं के निदान हेतु सकारात्मक पहल करते आ रहे हैं. महापौर ने नलघर की पुरानी टंकी के समीप स्थित अपने शासकीय आवास में सुबह 10 से 11.30 बजे तक डेढ़ घंटे की अवधि के लिये जनहित में जनसुविधा हेतु जनचैपाल का नियमित आयोजन प्रारम्भ किया है. उक्त जनचैपाल आयोजन में महापौर एजाज ढेबर स्वयं सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को चार दिन जनसमस्याओं एवं मांगों से अवगत होकर उनके त्वरित निदान की दृष्टि से उपलब्ध रहते हैं. महापौर एजाज ढेबर ने आज जब जनचैपाल लगायी, तो लगभग 150 से अधिक नागरिकों ने उनसे मिलकर उक्त सकारात्मक पहल को लेकर महापौर एजाज ढेबर की जनहितेषी कार्यप्रणाली को एक बार फिर सराहा. आज जनचैपाल में महापौर एजाज ढेबर को लगभग 100 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मुख्य रूप से अधिकतर लोगों ने महापौर से राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मकान दिलवाने की मांग की, कुछ नागरिकों ने स्ट्रीट लाईट एवं पेयजल को लेकर मांग महापौर से की. महापौर ने नागरिकों से उनकी सभी मांगों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं प्रक्रिया के तहत नियमानुसार त्वरित निदान करने के सम्बन्ध में कार्य से सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया महापौर श्री एजाज ढेबर ने कहा कि वे सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को नियमित रूप से सुबह 10 बजे से 11.30 बजे के मध्य डेढ़ घंटे की अवधि के लिये जनचैपाल में अपने शासकीय आवास पुरानी नलघर पानी टंकी के समीप नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों के रहवासी नागरिकों की जनसमस्याओं एवं मांगों को सुनकर एवं उनसे अवगत होकर सभी मांगों एवं समस्याओं का जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नियमानुसार त्वरित निदान करवाने की दृष्टि से कृतसंकल्पित हैं. कोई भी नागरिक जनचैपाल कार्यक्रम में आकर उनसे सीधे मिलकर उन्हें अपनी मांगों एवं समस्याओं से निर्धारित अवधि के दौरान अवगत करवा सकता है. वे सभी मांगों एवं समस्याओं के शीघ्र त्वरित निदान हेतु जनहित एवं जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सकारात्मक पहल कर आवश्यक कार्यवाही करवाएंगे. महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि समस्या बताने जनचैपाल में आने वाले सभी नागरिकों के चेहरों पर लौटते समय मुस्कान रहे. महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार हर सप्ताह शुक्रवार, शनिवार, रविवार के दिन महापौर निवास में नगर निगम रायपुर के एल्डरमेन अफरोज अंजुम जनचौपाल में नियत समय प्रातः10 बजे से 11.30 बजे तक उपस्थित रहकर नागरिकों की मांगे एवं समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निदान हेतु नियमानुसार सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करवाते हैं। आज जनचौपाल के दौरान महापौर ढेबर के साथ मुख्य रूप से नगर पालिक निगम रायपुर के एल्डरमेन शमसुल हसन नम्मू एवं अफरोज अंजुम उपस्थित थे.

पूर्व केंद्रीय मंत्री बिसाहू दास महंत की जयंती पर कांग्रेस ने उनके छायाचित्र में पुष्पांजलि, माल्यार्पण अर्पित किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रदेश महिला कांग्रेस, प्रदेश सेवादल, प्रदेश एनएसयूआई, प्रदेश इंटूक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागों के संयुक्त तत्वाधान में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व केंद्रीय मंत्री बिसाहू दास महंत जी की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र में पुष्पांजलि माल्यार्पण अर्पित कर पुण्य स्मरण किये। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, महामंत्री अमरजीत चावला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, संचार विभाग सदस्य नितिन भंसाली, प्रदेश सचिव महमूद अली, राजेश चौबे, सुनील कुकरेजा, मणी प्रकाश वैष्णव, शीत श्रीवास, सुंदरलाल जोगी पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा की गई घोषणाओं का कांग्रेस ने किया स्वागत

■ **कांग्रेस की सरकार हर वर्ग के साथ न्याय करती है**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा की गई घोषणाओं का कांग्रेस ने स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार हर वर्ग के साथ न्याय कर रही है। आम जनता की मांग पर क्षेत्र के विकास तथा काम-काज में कसावट लाने 4 नए अनुविभाग एवं 23 नई तहसीलों का शुभारंभ किय गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान उत्पादक किसानों को धान की कीमत 2500 रु. क्विंटल की अंतर राशि के साथ मक्का, गन्ना, कोदो, कुटकी, दलहन, तिलहन, रागी, फलदार वृक्ष लगाने वाले सब्जी उत्पादक किसानों को भी 10 हजार रु. प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रहे है। गोधन न्याय योजना में पशुपालको से गोबर बीनने वालो से दो रु. किलो में गोबर खरीदी की जा रही है एवं इस योजना से महिला स्वसहायता समूह जुड़कर भी आर्थिक लाभ कमा रही है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना ग्रामीण समाज के एक ऐसे हिस्से को आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। पहले इस योजना में भूमिहीन कृषि श्रमिक परिवारों को 6000 रुपए वर्षिक सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया था, वर्तमान में इस सहायता राशि को बढ़ाकर अब 7000 रुपए वार्षिक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना' के विस्तार हेतु नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 60 मोबाईल मेडिकल यूनिट का हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारंभ। प्रदेश के महापौरों, सभापति, नगर पालिका एवं पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के मानदेय को दोगुना करने की घोषणा।

सीएम ने छग में नाचा के जनक दाऊ दुलार सिंह मंदराजी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकप्रिय राजनेता बिसाहू दास महंत की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में लोककला 'नाचा' के जनक माने जाने वाले स्वर्गीय दाऊ दुलार सिंह मंदराजी एवँ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंतकी जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ी लोककला के संरक्षण में दाऊ जी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि दाऊ मंदराजी ने 'नाचा' को पुनर्जीवित करने और उसे बचाए रखने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने नाचा को समाजिक कुरीतियों के प्रति जनचेतना जगाने का माध्यम बनाया। श्री बघेल ने कहा कि दाऊ जी ने लोक कलाकारों को संगठित कर छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत को विश्वपटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्य सरकार द्वारा कला के ऐसे सच्चे साधक के सम्मान और नाचा कला को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए दाऊ दुलार सिंह मंदराजी सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों में नाचा कला को पुनर्स्थापित करने वाले लोक कलाकार का व्यक्तित्व अगली कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकप्रिय राजनेता स्वर्गीय बिसाहू दास महन्त को स्मरण करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। श्री महन्त ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी। हसदेव बांगो सिंचाई परियोजना उनके सपनों का साकार रूप है। उन्होंने लोगों की बेहतरी के लिए क्षेत्र में खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के कार्यों को बखूबी अंजाम दिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वर्गीय श्री बिसाहू दास महन्त के आदर्शों के अनुरूप नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध हैं। उनके बताये जनकल्याण के मार्ग पर चलकर प्रदेश में विकास को नये आयाम देने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

महापौर एवं सभापति ने वार्ड 56 का निरीक्षण किया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर ढेबर ने सभापति दुबे एवं निगम जोन क्रमांक 10 के जोन अध्यक्ष एवं लेफ्टिनेंट अरविन्द दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 के पार्षद आकाशदीप शर्मा सहित निगम अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, जोन 10 के जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया एवं अन्य सम्बंधित निगम जोन 10 अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 10 के तहत आने वाले लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। महापौर ढेबर ने निरीक्षण के दौरान केनाल लींकिंग रोड के समीप से गुजरने वाले नालों की अभियान पूर्वक तत्काल तले तक पूर्ण सघन सफाई जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये।

संपादकीय

बढ़ती महंगाई चिंता का विषय

पिछले एक सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों ने आद आदमी का दम निकाल दिया है। पेट्रोलियम पदार्थो के मूल्य में हो रही लगातार वृद्धि का सीधा असर आम आदमी के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की वजह से आवश्यक वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगे है। यहां तक की हरी साग सब्जियों दाम भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होने लगे है। यदि यही स्थिति रही तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में बढ़ती महंगाई लोगों का जीना मुहाल कर देगी। दो साल लंबे चले कोरोना काल की वजह से पहले ही लोगों की आय कम हो गई है और अब बढ़ती महंगाई के कारण उनके सामने आमदनी अठन्नी और खर्चा रूपैया वाली बात हो गई है। इस बीच खबर है कि टोल टैक्स भी बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में यातायात के साधन भी महंगे पड़ेंगे। पेट्रोलोलियम पदाथों के मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए केन्द्र सरकार को सहानुभूति पूर्वक विचार करना होगा और लोगों को राहत देने के लिए पेट्रोल व डीजल के बढ़ते दामों पर लगाम लगानी होगी अन्यथा आगे चलकर स्थिति भयावह हो सकती है। बढ़ती महंगाई के खिलाफ कंग्रेस ने मोर्चा खोला है और सरकार से मांग की है कि वह पेट्रोल व डीजल के दामों में हो रही वृद्धि पर रोक लगाएं। अन्य विपक्षी पार्टियां भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साध रही है। आम जनता में भी सरकार के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। यह ठीक है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के कारण पेट्रोल व डीजल के दामों में वृद्धि हो रही है और इससे कोई भी देश अछूता नहीं है लेकिन भारत सरकार को यह देखना चाहिए कि जहां लोगों को पेट्रोल व डीजल के बढ़ते दामों से किस तरह राहत दी जा सकती है। इसके लिए पेट्रोल व डीजल पर लगने वाले वैट कर दरों को भी कम किया जाना चाहिए। यदि केन्द्र सरकार वैट की दर घटाती है तो राज्य सरकारें भी वैट की दर कम कर सकती है और इससे लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकती है। पिछले एक सप्ताह में पेट्रोल व डीजल के दामों में प्रति लीटर छह रूपए से अधिक की वृद्धि हो चुकी है और मूल्य वृद्धि का यह सिलसिला आगे और कब तक चलेगा इस बारे में कुछ कहा नही जा सकता। इसलिए यह आवश्यक है कि पेट्रोलियम पदार्थो पर केन्द्र व राज्य सरकारें जो भारी भरकम वैट कर लगाती है उसे कम किया जाएं ताकि पेट्रोलियम पदार्थो के दाम बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में जो वृद्धि हो रही है वह रूके और आम आदमी को कमरतोड़ महंगाई से कुछ हद तक राहत मिल सकें।

लघुकथा

रीलंका में संकट की लंबी कतारें

उधर सूरज ढल रहा है और इधर अपनी लॉरी में बैठे दयारत्ने अपना गुस्सा छिपा नहीं पा रहे हैं। वह सुबह से ही कोलंबो के बाहरी इलाके कडुवेला के एक पेट्रोल-डीजल पंप पर लंबी कतार में लगे हैं। यहां अब आम लोग बोलने लगे हैं कि इस सरकार को परवाह नहीं है और देश गलत हाथों में चला गया है। दयारत्ने देश की राजधानी से 350 किलोमीटर दूर पहाड़ी गांव बादुल्ला से हैं। वह एक स्थानीय कंपनी के लिए आपूर्ति का काम करते हैं। उनके तीन स्कूली बच्चे हैं। दयारत्ने जो कुछ कमाते हैं, उसका अधिकांश हिस्सा बच्चों की पढ़ाई में चला जाता है। वह कहते हैं, 'मैंने एक साथ 5,000 रुपये निकाले हैं और आज ही अपने परिवार को भेज दिए हैं, ताकि अगले कुछ दिनों तक परिवार संकट का सामना न कर सके। मैं तब तक काम नहीं कर सकता, जब तक मुझे डीजल नहीं मिल जाता। मैंने पहले ही परिवार वालों से कह दिया है कि वे किसी तरह चावल और नारियल के सांबोल से काम चलाएं, क्योंकि हम और अधिक खर्च नहीं कर सकते।'

यहां ऑटोरिक्शा चालकों का समूह भी सरकार की निंदा कर रहा है। किराया बढ़ गया है, तो सवारियां मिल नहीं रही हैं। आर्थिक आपदा के चलते लोग गंभीर संकट में हैं। पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण किराया बढ़ाना पड़ा है, जिससे काम आधा ही रह गया है। लोग पैसे बचाने के लिए कम दूरी की यात्राएं पैदल ही तय करने लगे हैं। युवा सवालों से भरे हुए हैं कि राष्ट्रपति भला क्या कर रहे हैं? लोग राष्ट्रपति की शिकायत कर रहे हैं कि उन्होंने अपने वादों के बावजूद भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगाई है।

श्रीलंकाई लोगों का जीवन गंभीर आर्थिक उथल-पुथल से प्रभावित हो रहा है। भारी कर्ज, खराब नीति नियोजन, कोविड-19 महामारी और हाल ही में यूक्रेन में युद्ध के संयोजन केकारण देश में एक गंभीर विदेशी मुद्रा संकट पैदा हो गया है। चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। डीजल, मिट्टी के तेल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और यहां तक कि दवाओं की भी भारी कमी हो गई है। पिछले कुछ हफ्तों में संकट चरम पर पहुंच गया है। बिजली उत्पादन हाइड्रो, थर्मल और कोयला क्षमता पर निर्भर करता है। चूंकि यह शुष्क मौसम है, जलाशयों में जल स्तर तेजी से घट रहा है और पानी खेती के लिए संरक्षित किया जा रहा है, जिससे डीजल से चलने वाले संयंत्रों पर भारी निर्भरता हो गई है। ईंधन खरीदने के लिए अमेरिकी डॉलर नहीं है, तो फरवरी महीने से जारी कुछ घंटों की बिजली कटौती 31 मार्च से 13 घंटे की कर दी गई है। ईंधन और गैस सिलेंडर की दुकानों पर मीलों लंबी कतारें रोजमर्रा की बात हो गई हैं। गुस्सा उबल रहा है और छोटी-छोटी बातों पर भी लड़ाई छिड़ जा रही है। हाल ही में कतार तोड़ने वाले एक 29 साल के मोटरसाइकिल चालक की हत्या चाकू मारकर कर दी गई।

नौ शक्तियों का मिलन पर्व है नवरात्रि

योगेश कुमार गोयल

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फफल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फपेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है।

भारतीय समाज और विशेषकर हिन्दू समुदाय में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 2 अप्रैल से हो रही है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फफल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफअद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं।

भ्रष्ट नौकरशाही जनकांक्षाओं को कब्र बना देती है

विष्णुगुप्त

नौकरशाही के भ्रष्ट होने और नौकरशही के निकम्मेपन की शिकार सरकारी योजनाएं ही होती हैं। देश में जितनी भी लोकप्रिय और जनता के महत्व-विकास वाली योजनाएं आयी वे सफल क्यों नहीं हुई, उन सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता को क्यों नहीं मिला? इसके पीछे भी कारण नौकरशाही ही है। फाइल दबा कर बैठना, फाइल पर गलत नोटिंग कर अटका कर रखना, नौकरशाही की ऐसा करतूत है जिसकी सजा जनता तो भुगतती ही है, इसके अलावा सरकार भी भुगतती है, सरकार की छबि खराब होती है।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ फिर से मुख्यमंत्री बन गये हैं। उनका भारी-भरकम मंत्रिमंडल काम करना भी शुरू कर दिया है। प्रचारित यह किया गया है कि मंत्रिमंडल के गठन में सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व मिला है, इसलिए सभी वर्गो का विकास सुनिश्चित है। खासकर मुस्लिम वर्ग के प्रतिनिधित्व को लेकर खास तरह की चर्चा है। चर्चा यह है कि भाजपा ने ऐसे व्यक्ति को मंत्रिमंडल में जगह दी है जो शिया मुस्लिम नहीं है बल्कि सुन्नी मुस्लिम है और वह गरीब, अपमानित और हाशिये पर खड़ी मुस्लिम जाति का प्रतिनिधित्व करता है। अब तक भाजपा पर शिया मुस्लिम का प्रभुत्व ही रहता था। योगी के पहले कार्यकाल में जो एक मात्र मुस्लिम मंत्री हुआ करते थे वे शिया मुस्लिम जाति का ही प्रतिनिधित्व करते थे। यूपी और खासकर लखनउ में शिया व सुन्नी मुस्लिम जातियों के बीच वर्चस्व के झगड़े होते रहे हैं। इसके साथ ही साथ केशव प्रसाद मौर्या भी फिर से उप मुख्यमंत्री बन गये हैं। केशव प्रसाद मौर्या विधान सभा का चुनाव हार चुके थे। केशव प्रसाद मौर्या को भाजपा का पिछड़ा चेहरा माना जाता है और यह कहा जाता है कि केशव प्रसाद मौर्या ने पिछड़ों के बीच भाजपा की पहुंच कायम करने में बहुत बड़ी भूमिका निभायी है। यह सही बात है कि पिछड़ों की राजनीति के प्रबंधन में भाजपा जरूर चैम्पियन रही है। यही कारण है कि अखिलेश यादव पिछड़ों की राजनीति के प्रंबधन में फिसड्डी साबित हुए। अगर पिछड़ों की राजनीति के प्रबंधन में भाजपा विफल होती तो निश्चित मानिये कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को जीत नहीं मिलती। चुनावी राजनीति में सिर्फ विकास और उन्नति पर ही वोट मिलेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। चुनावी राजनीति में जाति भी एक महत्वपूर्ण केन्द्र बन गयी है। जातीय आधार पर वोट करने की परम्परा विकसित हुई है जो चुनावों के दौरान स्पष्ट

दिखती है।योगी का यह कहना भी है कि उनका दूसरा कार्यकाल बेमिसाल और जनकांक्षाओं के प्रतीक साबित होगा।

विचारण का महत्वपूर्ण विषय यह है कि क्या भारी-भरकम मंत्रिमंडल का गठन कर देने मात्र से, मंत्रिमंडल में सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर देने मात्र से ही उत्तर प्रदेश की जनता की जनकांक्षाएं पूरी हो जायेंगी? स्वच्छ और पारदर्शी शासन देने का स्थयी वायदा पूरा हो जायेगा, जरूरत मंदों की निजी कार्यो के निस्तारण में गति आयेगी? भ्रष्टचार और कदाचार कम होगा? नौकरशाही जो भ्रष्ट है और निकम्मी है, वह शिष्ट और सक्रिय बनेगी, पुलिस जो आम लोगों पर अत्याचार करती है, उत्पीड़न करती है, जेल भेजने या फिर झूठे मुकदमों का अपराधी बनाने की डर दिखा कर जो वसूली करती है, वह वसूली बंद हो जायेगी? क्योंकि आम जनता की शिकायत अधिकतर नौकरशाही के प्रति ही होती है, आम जनता की इच्छाओं और भविष्य की कब्र बनाने के लिए नौकरशाही हमेशा यमराज की भूमिका में होती है।

नौकरशाही को जनाकांक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाने की सारी कोशिशें विफल ही साबित होती है। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो नौकरशाही को जिम्मेदार बनाने की कभी कोई सार्थक प्रयास ही नहीं हुआ। मायावती की जब सरकार थी तब भी नौकरशाही भ्रष्ट थी,अराजक थी और जनता के लिए यमराज थी। अखिलेश यादव की जब सरकार थी तब भी नौकरशाही की स्थिति वैसी ही थी जो मायावती की सरकार में थी। मायावती और अखिलेश की सरकार के दौरान नौकरशाही पूरी तरह से भ्रष्ट ही थी। अब यहां यह प्रश्न भी उठता है कि योगी के प्रथम कार्यकाल में नौकरशाही कैसी थी? नौकरशाही क्या जनता के प्रति जिम्मेदार थी, नौकरशाही क्या ईमानदार थी, नौकरशाही क्या सरकार की विकास योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए सक्रिय थी? इन सभी प्रश्नों के उत्तर कोई खास उत्साह जनक नहीं थे। योगी जरूर ईमानदार हैं। योगी संत है, परिवार और संपत्ति मोह के गुलाम नहीं है। योगी पर अखिलेश या मायावती की तरह धन का जुगाड़ करने और परिवार के लिए कार्य करने जैसे आरोप नहीं लगाये जा सकते हैं। पर प्रशासनिक अमले को जिम्मेदार बनाने की सफलता और असफलता पर योगी की आलोचना और समालोचना क्यों नहीं हो सकती है? निश्चित तौर पर योगी के प्रथम कार्यकाल के दौरान भी नौकरशाही पूरी तरह से ईमानदार नहीं थी और सरकारी योजनाओं का बंदरबांट करने में अपनी भूमिका निभा रही थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भारती के लाल तुझे

भारती के लाल तुझे करता प्रणाम मैं हूं , उपकार तेरा हम भूल नहीं पायेंगे । धीरता व बीरता में कोई नहीं तुम सम आने वाली पीढ़ियों को बात ये बतायेंगे ।। भानु के उदय से अस्त तक जाय के हम शौर्य तेरा गान करि सबको सुनायेंगें । गौरव पूर्ण इतिहास लिख के अमर भये भारती के लाल तुझे भूल नहीं पायेंगे ।। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

खुश रहने के लिये

खुश रहने के लिये हमेशा एक छोटी आशा को मन में जगायें रखना चाहिये बात बात पर दुखी होने से दुख सर पर चढ़ जाता है दुखों को दरकिनार करना चाहिये दूसरे के सुख देख कर खुश होना चाहिये ना ही ईर्ष्या करें ना ही इसे अपना समझना चाहिए। जुबान से निकली एक बात एक कान से पहुंचकर कई कान कई बात हो जाता है बात जैसा भी हो सँभलकर ही बोलना चाहिए। **-प्रीति श्रीवास्तव**

खास पाती

मैं ये हूँ, मैं वो हूँ मैं फलाना हूँ

मैं ये हूँ, मैं वो हूँ मैं फलाना हूँ, मैं चिलाना हूँ मैं अमका हूँ, मैं डमका हूँ मैं तोपची हूँ, मैं तीस मारखां हूँ ये सब खुद के द्वारा और कुछ लोगों के द्वारा फैलाया गया एक भ्रमजाल मात्र है अपने नाम का डंका बजने का मायाजाल फैलाते लोगों की हकीकत अक्सर ये होती है कि उनके बगल वाले भी उन्हें नहीं पहचानते उस नाम के साथ जुड़ा जब यथार्थ वाला पर्दा उठता है तो पीछे दिखती है एक घिनौनी हकीकत जो इंसानियत को भी शर्मसार कर देता है कभी-कभी इसलिए नाम के पीछे भागने वाले धोखा खाते हैं निचोड़ सहेजना है तो सरलता का सहेजिए विनम्रता का सहेजिए, इंसानियत का सहेजिए यही है जो और कुछ दे या ना दे आपको मानसिक सुकून जरूर देगा। **-मिनाक्षी सिंह**



भक्ति जब भोजन में प्रवेश करती

भक्ति जब भोजन में प्रवेश करती है, भोजन प्रसाद बन जाता है. भक्ति जब भूख में प्रवेश करती है, भूख व्रत बन जाती है. भक्ति जब पानी में प्रवेश करती है, पानी चरणामृत बन जाता है. भक्ति जब सफर में प्रवेश करती है, सफर तीर्थयात्रा बन जाता है. भक्ति जब संगीत में प्रवेश करती है, संगीत कीर्तन बन जाता है. भक्ति जब घर में प्रवेश करती है, घर मन्दिर बन जाता है. भक्ति जब कार्य में प्रवेश करती है, कार्य कर्म बन जाता है. भक्ति जब क्रिया में प्रवेश करती है, क्रिया सेवा बन जाती है.। और भक्ति जब व्यक्ति में प्रवेश करती है, व्यक्ति मानव बन जाता है। - **मोना सेन गुप्ता**

किसी के दिल में अपने मैं

किसी के दिल में अपने मैं सवाल छोड़ दूँगा किसी के ज़हन में मैं ज़िन्दा बबाल छोड़ दूँगा मेरी हसरत, मेरी चाहत है सभी हों गुलज़ार मसीहा हूँ अपने चंद सुलझे ख़्याल छोड़ दूँगा। **केदार नाथ शब्द मसीहा**

गद्दारो की इस दुनिया मे अब

गद्दारो की इस दुनिया मे अब अपने ही घात लगाते हैं, खून के रिश्ते भूल गैरो के दामन में खुशियां लुटाते है। जीवन मे जिसके लिए हम सब अपना सर्वस्व गवाते है, अंत समय मे वो ही हमारी गर्दन पर छुरी चलाते हैं। - **आकांक्षा द्विवेदी**

हीराकुंड के विस्थापितों को

हीराकुंड के विस्थापितों को नाममात्र मुआवजा देकर चलता किया गया.. लोग अपनी जमीन छोड़कर गए 2 साल 3 साल तक भटकते रहे ,जमीन खोजते रहे. बहुत सारे लोगों ने आदिवासियों की जमीन खरीदी जिसे बाद में आदिवासियों को लौटाना पड़ा जिसका पैसा वापस नहीं मिला.. इनकी जमीन सरकार ने छीन ली डैम बनाने के नाम पर, आदिवासियों ने जमीन बेचने की बाद छीन ली आदिवासी एक्ट के नाम पर क्या गुनाह था उनका जो चुपचाप अपने खेतों में खुश थे आदिवासियों की जमीन खरीदना अपराध था तो रजिस्ट्री क्यों की गई क्या यही न्याय है। - **मनोज स्वाईन**

माता तुमको रात दिन नत

माता तुमको रात दिन नत हो करूँ प्रणाम चरण शरण विनती करूँ हर पल आठों याम हर पल आठों याम तुम्हारे ही गुण गाऊँ करो कृपा हे मात सदा तुमको ही ध्याऊँ कहे लता कर जोड़ कभी ना छूटे नाता सदा रहो तुम साथ हमारी प्यारी माता। - **चंद्र लता यादव**

खूब कमाओ पैसा-धेला, खाओ

खूब कमाओ पैसा-धेला, खाओ जमकर केला, दूर रहो दुनियादारी से, करो न गंदा खेला। मिलकर रहना, नेकी करना, हंसना और हंसाना, साथ गहो तुम अच्छाई का, जग में बड़ा झमेला।

-राजकुमार धर द्विवेदी

QUIZ TIME

1) किस गैस को स्ट्रेन्जर गैस भी कहते हैं?
2) भारत में अधिकतम कर राजस्व किससे आता है?
3) बैंक नोट प्रेस भारत में कहाँ स्थित है?
4) नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना किसके शासन काल में हुई थी?
5) फीफा अण्डर-17 महिला विश्व कप 2022 के लिए अधिकारिक शुभंकर का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) क्रिप्टॉन (2) निगम कर (3) देवास (4) कुमारगुप्त प्रथम (5) इभा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1559- इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया। 1679- मुगल शासक अकबर ने जजिया कर समाप्त किया। 1720- पेशवा बालाजी विश्वनाथ का निधन। 1745- ऑस्ट्रिया और बवेरिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया। 1767- यीशु की सोसाइटी का स्पैनिश साम्राज्य और नेपल्स के साम्राज्य में दमन किया गया। 1787- न्यायपालिका के एक चार्टर ने आपराधिक और नागरिक अधिकार क्षेत्र के पहले न्यू साउथ वेल्स न्यायालयों की स्थापना के लिए अधिकार प्रदान करने पर हस्ताक्षर किए। 1792- सिक्का कानून पारित हुआ, संयुक्त राज्य मिंट की स्थापना हुई। 1860- ट्यूरिन में पहली इटली की संसद की बैठक शुरू हुई। 1902- शास्त्रीय गायक बड़े गुलाम अली खां का जन्म। 1902- पहला इलेक्ट्रिक फिल्म थिएटर अमेरिका के लॉस एंजेलिस में खोला गया। 1912- टाइटैनिक जहाज के समुद्री परीक्षण की शुरुआत हुई। 1933- भारतीय क्रिकेटर प्रिंस रणजीत सिंह जी का गुजरात के जामनगर में निधन। 1935- ग्रेट ब्रिटेन के रॉबर्ट वॉटसन-वॉट ने पहली व्यवहारिक रडार प्रणाली तैयार किया। 1940- ब्रिटेन और डेनमार्क ने एक व्यवपारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1941- जर्मन और इतालवी सेना ने अंग्रेजों को अजदबिया शहर से बाहर का रास्ता दिखाया। 1942- कांग्रेस ने क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव को खारिज किया। 1969- प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अजय देवगन का जन्म। 1981- भारत में टीवी के प्रसिद्ध हास्य कलाकार कपिल शर्मा का जन्म।

मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि पर्व की सुचारू संचालन के संबंध में बैठक संपन्न

■ **पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करने कहा**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले के डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी मंदिर में 2 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी तथा सुचारू संचालन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पुलिस प्रशासन तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं मेले के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी आस्था के प्रमुख केन्द्रों में से एक है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होते हैं। डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने जरूरी उपाय एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। गर्मी के मद्देनजर प्रमुख मार्गों के साथ-साथ सभी चिन्हांकित स्थलों में विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। छायादार पंडाल, पेयजल, मेडिकल किट, ओआरएस, ग्लूकोज, चिकित्सा व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आगजनी, आकस्मिक दुर्घटना जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यापक व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को महती जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि सभी विभाग के अधिकारी सौंपे गए दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेला के आयोजन से लेकर समापन तक गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि मेला स्थल पर संचालित सभी प्रकार के होटल, नाश्ते के ठेले, फल दुकानें सहित खानपान के लिए लगाए गए स्टालों में शुद्ध व ताजे सामानों की बिक्री की जानी चाहिए। यहां किसी प्रकार के अनुपयोगी खाद्य पदार्थों की बिक्री न हो इसकी नियमित सैम्पल लेकर जांच की कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि जिला व पुलिस प्रशासन एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों का यह प्रयास होनी चाहिए कि मेले के दौरान माता के दर्शन हेतु आने वाले सभी श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधा मुहैया करायी जाये। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व में दुर्घटना रहित मेला आयोजन की लक्ष्य की जानकारी देते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय करने के निर्देश दिए।

इसके लिए पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करने के अलावा मेला स्थल के लिए निर्धारित मार्गों में वाहनों की गति भी निर्धारित कराने कहा। उन्होंने मार्ग में पर्याप्त मात्रा में संकेतक व अस्थायी ब्रेकर लगाने एवं दुर्घटना जोन को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंदिर परिसर डोंगरगढ़ में माता के दर्शन हेतु ऊपर एवं नीचे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को सुरक्षित ढंग से नियंत्रित करने के भी उचित उपाय करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने ऊपर मंदिर जाने वाले निचले सीढ़ी से लेकर आवश्यक स्थानों पर बेरिकेटिंग आदि की व्यवस्था कराने कहा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मेले के दौरान दर्शनार्थियों एवं डोंगरगढ़ में रूकने वाले लोगों को शुद्ध एवं ताजा भोजन, नाश्ता आदि मिल सके इसके लिए उन्होंने एसडीएम डोंगरगढ़ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। मंदिर परिसर के आस-पास एवं डोंगरगढ़ में भी साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने को कहा।

उन्होंने रोपवे के मेन्टेनेंस की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में रोपवे में ओवरलोडिंग जैसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों के लिए मार्गों में पेयजल एवं शौचालय आदि का समुचित प्रबंध करें। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम करने करने कहा। पदयात्री मार्ग एवं डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में प्रकाश आदि की व्यवस्था एवं पर्याप्त मात्रा में डस्टबीन लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पदयात्री मार्ग एवं मेला स्थल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकीय अमले की तैनाती तथा ग्लूकोज, ओआरएस की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

आईपीएल क्रिकेट सट्टा पट्टी व नकदी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में चलाये जा रहे जुआ, सट्टा, अवैध शराब आदि के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जयप्रकाश बढ़ई के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगढ़ कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चन्द्रा एवं प्रभारी सायबर सेल द्वारिका प्रसाद की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर कि बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 डोंगरगढ़ में रूपये पैसे का दांव लगाकर आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है के तस्दीक हेतु 29 मार्च 2022 को रात्रि में दबिश दी गई। मुखबीर द्वारा बताये स्थान बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 डोंगरगढ़ आरोपी कृष्णा गुप्ता उर्फ बंटी के घर के सामने गली में घेराबंदी कर आरोपी कृष्णा गुप्ता को पकड़ा गया, जिसके पास से 2 नग मोबाईल, 1 नग कागज में आईपीएल सट्टा-पट्टी, 1 नग डॉटपेन बरामद किया गया। आरोपी कृष्णा गुप्ता उर्फ बंटी से पूछताछ पर बताया कि वह अपने दोनों मोबाईल का उपयोग कर क्रिकेट लाईन गुरू एप्प के माध्यम से सन राईज हैदराबाद विरूद्ध राजस्थान रायल्स टीम पर रूपये पैसे का दांव लगा कर सट्टा खिलवा रहा था, जिसका हिसाब किताब कोरे कागज में नीले डॉटपेन से लिखा हुआ, उसके जेब से बरामद हुआ। आरोपी के कब्जे से 2 नग मोबाईल फोन, 24,700 रूपये का आईपीएल सट्टा-पट्टी और नगदी 5,400 रूपये, जुमला कीमती 40,400 रूपये को जप्त कर कृत्य धारा 4(क) जुआ एक्ट का होने से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

मारवाड़ी युवा मंच पूरे साल 1000 से अधिक रक्तदान शिविर लगाएगा

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 1 अप्रैल से 31 मार्च तक 365 दिनों में लगातार 1000 रक्तदान शिविर किए जाएंगे और आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर 75000 यूनिट रक्त संग्रह का संकल्प लिया गया है। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया के मार्गदर्शन में यह पूरा आयोजन किया जाएगा, मंच के रक्तदान के राष्ट्रीय संयोजक प्रशांत गांधी ने बताया कि देशभर में मंच की 767 से अधिक शाखाओं के माध्यम से पूरे देश में 365 दिन लगातार कहीं ना कहीं रक्तदान शिविर किए जाएंगे और रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास भी किया जाएगा। इसी कड़ी में पहला रक्तदान शिविर एक अप्रेल को रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया, केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार, बिस्वेशवर टूडु, कश्मीर फाइल्स फिल्म के निर्माता अभिषेक अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, अनिल जाजोदिया, बलराम सुल्तानिया, रवि अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री प्रशान्त खंडेलिया सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ किया जाएगा। श्री गांधी ने बताया कि वर्तमान में देश में रक्त की मांग और पूर्ति में बहुत अंतर है जिससे प्रतिदिन लाखों लोगों की मृत्यु सिर्फ समय पर रक्त ना मिलने के कारण हो जाती है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे हम रोज कई जिंदगियों को बचा सके। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच प्रतिदिन जरूरत के समय रक्तदान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सेवा देते आया है। इसी क्रम में हमारा यह देश की आजादी के अमृत महोत्सव में रक्त महोत्सव मनाने का कार्य किया जाएगा सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रांतीय अध्यक्षगण एवं संयोजकगण अपने-अपने क्षेत्र में सेवा के महान कार्य को करने के लिए व्यापक तैयारियां एवं प्रबंध कर रहे हैं और अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान के पावन कार्य को नया आयाम देने संकल्पित है।

बेलदार सिवनी में कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई भागवत कथा

खरोरा/नवप्रदेश। समीपस्थ स्थान ग्राम बेलदार सिवनी में आज भब्य कलश के साथ मद भागवत कथा प्रारम्भ हुई। भागवत कथा के प्रथम दिन बुधवार को निनवा तिल्दा वाले भागवत आचार्य पंडित संजय शर्मा ने भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि भागवत कथा मनुष्य को जीवन में जीने का सही रास्ता दिखाती है। कलयुग में भागवत कथा कल्पवृक्ष की भांति है जिनके द्वारा मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मरणोपरांत मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। भगवान की कथा सुनने मात्र से मानव जीवन में सुखद परिवर्तन हो जाता है बशर्ते कथा को जीवन में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता जब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल ' मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। आचार्य शर्मा ने बताया कि जब मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्यों का जब उदय होता है तब ही उन्हें भागवत कथा श्रवण का लाभ मिल पाता है, अन्यथा कोई कितना भी प्रयास करें बिना ईश्वर की कृपा और पुण्योंदय के बिना कथा का लाभ नहीं मिल पाता। मद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। आचार्य शर्मा ने कहा कि वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते। कलियुग में भागवत साक्षात हरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं और दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रवण लाभ प्राप्त होता है। मद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। आगे आचार्य जी गोकर्ण धुंधुकारी प्रसंग पर सविस्तार वर्णन किए। उन्होंने बताया कि धुंधुकारी जैसा महापापी जो कि मरणोपरांत प्रेत बन गया था जो कि भागवत कथा सुनने मात्र से उन्हें मुक्ति मिल गई और वह भवसागर को पार हो गए।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने सर्वोच्च मासिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया

मार्च 2021 के मुकाबले लगभग पांच गुना की वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। मार्च 2022 में लगातार बढ़ती बिक्री के साथ भारत में स्कोडा ऑटो इंडिया का दमदार प्रदर्शन जारी है और कंपनी मार्च में 5,608 वाहनों की रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री करने में सफल रही है। यह स्कोडा ऑटो द्वारा भारत में अपने दो दशक के इतिहास में एक महीने में अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। सालाना आधार पर मार्च 2022 में बिक्री में पांच गुना का उछाल आया। मार्च 2021 में कंपनी ने 1,159 वाहनों की बिक्री की थी। इससे पहले जून 2012 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 4,923 कारों की बिक्री की थी।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक जैक हॉलिस ने कहा, इंडिया 2.0 परियोजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी टीम के ठोस प्रयास के नतीजे सामने आ रहे हैं। यह परियोजना न केवल नए प्लेटफार्मों और उत्पादों के बारे में है, बल्कि हमारी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का एक संपूर्ण कायाकल्प है, जिसमें स्वामित्व अनुभव को बढ़ाना, हमारे नेटवर्क की पहुंच को व्यापक बनाना, हमारे ग्राहकों के करीब पहुंचना और विभिन्न प्रकार की मूल्य वर्धित सेवाएं जो स्कोडा का स्वामित्व रखने वाले ग्राहकों को एक खूबसूरत अनुभव प्रदान करता है, शामिल हैं। अल्पावधि में बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाली चुनौतियों के बावजूद, हमें विश्वास है कि 2022 भारत में हमारे लिए अब तक का सबसे बड़ा वर्ष होगा। हम ब्रांड को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, क्योंकि भारत वैश्विक स्तर पर स्कोडा ऑटो के लिए एक प्रमुख बाजार बन गया है।

इसके अलावा, 2022 की पहली तिमाही में, स्कोडा ऑटो इंडिया ने किसी भी तिमाही की तुलना में अधिक कारों की बिक्री की। जनवरी और मार्च 2022 के बीच, ब्रांड ने 13,120 वाहन बेचे। 2021 की समान अवधि में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 3,016 वाहनों की बिक्री की थी। इस तरह बिक्री में चार गुणा से अधिक की बढ़ोतरी देखने को मिली। इंडिया 2.0 परियोजना का सफल क्रियान्वयन उत्पादों की पूरी श्रृंखला में सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हुए प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है। यह ग्राहक का विश्वास है जिसके परिणामस्वरूप कोडियाक के बाद स्लाविया को जोरदार सफलता मिली है, जिसे इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। पिछले साल लॉन्च होने के बाद से कुशाक का लगातार दमदार प्रदर्शन, और ऑक्टैगविया व सुपर्ब का अपने-अपने सेगमेंट में निरंतर वर्चस्व मार्च 2022 की रिकॉर्ड बिक्री में योगदान देने वाले कारक हैं।

इसके साथ ही विकास को बढ़ावा देने के लिए स्कोडा ऑटो 2021 और 2022 की पहली तिमाही में अपने डीलर नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। इसके अलावा, स्कोडा सुपरकेयर और 'पीस ऑफ माइंड' अभियान के तहत वारंटी और सर्विस पैकेजों की अधिकता ने परिचालन लागत को कम किया है और स्वामित्व के अनुभव को बेहतर बनाया है।

86 हजार परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। वर्ष 2023 तक जिले के सभी परिवारों को नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रख गया है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर जल, हर घर नल है। पीएचई के कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव आशालता गुप्ता ने बताया कि जिले को वर्ष 2021-22 के लिए 85977 परिवारो को घरेलू नलजल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमे 209 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 251 एकल ग्राम योजना से पूर्ण किया जाना है। 3 मार्च के पश्चात् प्राप्त 22 योजनाओं की लागत रू. 2036.03 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। अभी तक 209 रेट्रोफिटिंग योजना के अंतर्गत 44515 एफ एचटीसी एवं 445 एकल ग्राम योजना के अंतर्गत 97433 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से 209 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 288 एकल ग्राम योजना की निविदा जारी की गई। तथा अभी तक 432 निविदाओं के ग्राम 206 रेट्रोफिटिंग योजना, 122 एकल ग्राम योजना में कुल 69415 एफ एचटीसी हेतु राशि रू. 193.73 करोड़ के कार्यादेश जारी किये गये शेष निविदा प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त कार्यों का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। कुल 42 निविदाओं के दर प्राप्त किये गये। जिसे समिति मे स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई। उपरोक्त 42 निविदाओं के दरों का अनुमोदन किया गया। 03 मार्च के पश्चात प्राप्त एकल ग्राम योजना के कुल 22 योजनाओं की लागत रू. 2036.03 लाख की प्रशासकीय स्वीकृत का अनुमोदन हेतु समिति को अवगत होकर अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। सदस्य सचिव द्वारा 04 मार्च से 29 मार्च तक विभिन्न मदों में व्यय की जानकारी से समिति को अगवत कराया गया है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मशहूर हिलक्स की कीमत 33,99,000 रु घोषित की

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज मशहूर हिलक्स की 'वन नेशन वन प्राइस' की घोषणा की। शोरूम में यह कीमत 4.4 एमटी स्टैंडर्ड के लिए यह 33,99,000/- रुपए है। इसे इस साल के शुरू में पेश किया गया था और इस का लक्ष्य उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना है जो बेजोड़ जीवन शैली से जुड़े यूटिलिटी वाहन की तलाश में हैं। यह मुश्किल क्षेत्रों में ऑफ-रोडिंग एड वेंचर ड्राइव के साथ-साथ रोजमर्रा के शहरी उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त है।

टोयोटा हिलक्स की कीमत की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट श्री तदाशी असाजुमा ने कहा, ÷आज, हमें हिलक्स की कीमत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लांच के बाद से, परिष्कृत हिलक्स ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया और प्रशंसा के साथ उनका दिल जीतने में कामयाब रहा है। हमारे 'ग्राहक सबसे पहले' के नजरिये के साथ, लोगों की जीवन शैली से प्रेरणा लेते हुए, हिलक्स के साथ पूरे नए लाइफस्टाइल सेगमेंट में हमारी पेशकश 'सभी को व्यापक खुशी' देने की दिशा में एक कदम आगे है।

प्रधान पाठक शर्मा हुए सेवानिवृत्त

भाटापारा/नवप्रदेश। शिक्षकीय सेवा से 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजराडीह के वरिष्ठ प्रधानपाठक महेश शर्मा को सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें शाल श्रीफल मोमेंटो पेन डायरी व अन्य सामग्रियों से सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक जीतराम वर्मा, दर्शन ठाकुर, राजेध्वरी ठाकुर, राजकुमारी साहू, राजेश कुमार साहू, रामदास डहरिया, कृष्ण कुमार ध्रुव आदि ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला एवम उनके दीर्घायु एवम उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर महेश शर्मा ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि व्यक्ति को कभी हार नहीं मानना चाहिए कभी न कभी सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। इस दौरान वो भावुक भी हो गए और अपना आंसू नहीं रोक पाए। पूरा माहौल गमगीन सा हो गया। उन्होंने कहा कि बच्चे हैं तभी शिक्षक है। अन्यथा शिक्षक की कोई कीमत नहीं है। वे सहायक शिक्षक से अपने कैरियर की शुरुवात खैरकुट स्कूल से सहायक शिक्षक के रूप में किये। फिर सगुनी फिर हथनिपारा स्कूल उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में रामसागरपारा स्कूल भाटापारा, फिर प्रधान पाठक के रूप में पूर्व माध्यमिक शाला बिजराडीह में कार्य किये आपके मार्ग दर्शन में मिडिल स्कूल का उन्नयन हुआ और हाई स्कूल खुला तब आप कुछ समय के लिए प्रभारी प्राचार्य भी रहे व संकुल प्रभारी के रूप मेभी कार्य किये।

श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा में सप्त सोपान,सप्त संकल्प आधारित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का द्वितीय दिवस पूर्ण हुआ जंहा सैकड़ों श्रद्धालू शामिल हुए। कथाव्यास पंडित युगल किशोर जी महाराज ने कहा कि दुनिया में यदि कुछ कठिन है तो वह आरम्भ ही है एक बार आपने प्रारम्भ कर लिया तो आप पाएंगे मंजिल भी आपको आलिंगन करने हेतु ललायित होगी।पंडित जी ने कहा कि भागवत कोई साधारण यज्ञ नही यह ऐसा उद्यम है जो केवल मानव समाज ही नही वरन सम्पूर्ण जीव जगत में सकरात्मक ऊर्जा का संचार कर मानव में मानवीय गुणों करुणा, दया, परोपकार, अहिंसा प्रेम, क्षमा, दयालुता एवं सहृदयता का बीजारोपण करती है तथा सृष्टि प्रवर्तन की दिशा निर्धारित करती है। हमें आवश्यकता इस बात की है कि हम नित्य शुभ और शुद्ध विचारों का संकलन करें जिसके लिए हमें संकल्पित होना पड़ेगा आज पंडित जी ने श्रोताओं से कहा कि जीवन में नियम बाद में बनावें पहले संयम का पालन करें।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग,
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal :https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 96170/निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि./ई-प्रोक्यूरमेंट/2021.22, दिनांक 30.03.2022 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **20.04.2022** समय **17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
कार्य का नाम :- परसदा तड़ीपार नहर मरम्मत कार्य।
अनुमानित लागत :- रू. 283.00 लाख।
अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **06.04.2022** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग रायगढ़
जिला- रायगढ़ (छ.ग.)
जी-69110/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
ईमेल पता- ee-res.Dantewada@nic.in
// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार //
-: निविदा क्रमांक- 03 :-

क्रमांक/ 527/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2022 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 30/03/2022

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 19/04/2022 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2
(1) सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कटेकल्याण भाग-1 सेनेटरी फिटिंग सहित (विद्युतीकरण छोड़कर)	45.72 लाख
(2) सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कटेकल्याण भाग-2 सेनेटरी फिटिंग एवं वाटर सप्लाई सहित (विद्युतीकरण छोड़कर)	40.00 लाख

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 04/04/2022 से 16/04/2022 तक निशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
जी-69118/4

गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक, फूड पॉइजनिंग से रहें सावधान

■ **बढ़ती गर्मी के मद्देनजर राज्य स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और दिनों-दिन तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पूरे प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो चला है। ऐसे में लू के साथ ही अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में एडवाइज़री जारी की है। एडवाइजरी और ज़िले के विशेषज्ञों के अनुसार लू से बचने के लिए जरूरी है कि घर से निकले से पूर्व भरपेट पानी पियें। साथ ही सूती वस्त्रों का उपयोग भी इस सीजन में तपन से बचने में फायदेमंद हैं। गर्मी का मौसम अपने साथ कई बीमारियां साथ लेकर आता है, जिससे हर आयु वर्ग के व्यक्ति को सावधान रहना चाहिए। इनमें हीट स्ट्रोक व फूड पॉइजनिंग सबसे मुख्य हैं। लापरवाही बरतने पर मरीज की जान को जोखिम भी है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी एडवाइजरी में लोगों से अपील की है कि वे श्गर्मी से बचाव के सभी उपाय अपनाएं। बीमारी होने पर लापरवाह न बनें और चिकित्सक से परामर्श जरूर लें। मौसमी बीमारियों के मद्देनजर जारी की गई एडवाइजरी के संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, गर्मी के मौसम में बढ़ती धूप की तपन (लू) से सावधानी और शरीर को मौसमी बीमारी से बचाना जरूरी है। गर्म हवा के थपेड़े यानि लू चलने को हीट स्ट्रोक कहते हैं। चिकित्सीय भाषा में इसे हाइपरथर्मिया कहते हैं। जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा है, आगामी माह में लू चल सकती हैं। प्यास लगना, सिर में तेज दर्द, बुखार, उल्टी, श्वांस तेज चलना, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, पेशाब कम आना, बेहोश हो जाना इसके लक्षण है। लू के सीधे थपेड़ों से बचें। घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें। शिशु, गर्भवती महिला तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग अति आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें यानि तेज धूप से बचकर रहें।

सावधान रहें मौसमी बीमारियों से : सीएमएचओ

गर्मी के मौसम में लू के अलावा और कई बीमारियां जिनसे लोगों को खतरा है। सिर्फ सावधानी ही हमें इनसे बचा सकती है। गर्मी के मौसम में चिकनपाक्स बीमारी वैरिकाला जोस्टर वायरस के कारण होती है। यह वायरल संक्रमण है, शरीर पर लाल चकत्ते-दाने निकल आते हैं। यह संक्रामक रोग है, एक से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचता है।

शांति पूर्ण चुनाव के लिए पैरा मिलेट्री फोर्स थाना, चौकी व कैम्पों में किया गया तैनात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संतोष सिंह के निर्देशन में खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं ज्यादातर क्षेत्र नक्सल प्रभावित होने से नक्सल गतिविधि पर नजर रखने एवं क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन व सर्चिंग ऑपरेशन करने व स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं मतदान केन्द्रों तक ऑबजर्वर, चुनाव दल की सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में पैरामिलेट्र फोर्स (सीआरपीएफ) की 9 कंपनी, बीएसएफ की 5 कंपनी, एसएसबी की 4 कंपनी, आईटीबीपी की 4 कंपनी, कुल 22 अतिरिक्त कंपनी राजनांदगांव पहुंच चुकी है। कुल 22 कंपनियों को विभिन्न थाना, चौकी, कैम्पों में तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा इन अर्धसैनिक बल के आला अधिकारियों की मीटिंग लेकर क्षेत्र के भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में व नक्सल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही उपचुनाव के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उनकी भूमिका से अवगत करात हुए समन्वय स्थापित कर निश्पक्ष चुनाव कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

केसदा की छात्राओं को मिली सायकल

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय उच्च मा शाला केसदा में हुए कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष और सिमगा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ केके नायक ने छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल का वितरण किया। सायकल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कुराहट दिखी और सभी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार जताया। सिमगा विकासखंड के ग्राम केसदा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल का वितरण शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ कृष्ण नायक ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदु, सरपंच किरण ध्रुव, प्राचार्य आडिल, व्याख्याता सीआर वर्मा, संतराम वर्मा, सीएल कश्यप, महेंद्र पुरोहित सहित शाला विकास समिति के सदस्यगण की उपस्थिति में किया गया।

एनएमडीसी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ भौतिक प्रदर्शन

हैदराबाद/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 22 के लिए संचयी उत्पादन और बिक्री क्रमशः 42.15 एमटी और 40.70 एमटी रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में उत्पादन में 23% और बिक्री में 22% की वृद्धि है। यह एनएमडीसी का अब तक का सबसे अच्छा वार्षिक भौतिक प्रदर्शन दर्ज करता है, जिसका कारण वित्त वर्ष 22 में सुस्थिर वृद्धि है। वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के लिए संचयी उत्पादन और बिक्री क्रमशः 13.84 एमटी और 12.34 एमटी रहे, जो गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में उत्पादन में 12% और बिक्री में 12% की वृद्धि है । यह एनएमडीसी के लिए अब तक का सबसे अच्छा त्रैमासिक भौतिक प्रदर्शन है। मार्च 2022 के महीने में एनएमडीसी ने 4.98 मीट्रिक टन के लौह अयस्क उत्पादन और 4.21 मीट्रिक टन की बिक्री की सूचना दी । गत वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में उत्पादन में 9% की वृद्धि और बिक्री में 3% की वृद्धि के साथ, खनन प्रमुख ने कंपनी के इतिहास में किसी भी मार्च महीने के लिए उच्चतम उत्पादन और बिक्री के आंकडे दर्ज किए हैं। एनएमडीसी की टीम को अपनी कंपनी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए एनएमडीसी के सीएमडी सुमितदेब ने कहा, एनएमडीसी ने अपनी विस्तार और निवेश रणनीति के आधार पर वित्त वर्ष 22 के लिए रिकॉर्ड तोड़ भौतिक प्रदर्शन कियाहै। हम नए वित्त वर्ष में एक महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रारम्भ और कुछ अपरिहार्य सीख के साथ प्रवेश कर रहे हैं। हमारा डिजिटलीकरण अभियान हमारे बेहतर प्रदर्शन में योगदान देना शुरू कर रहा है और हम इस परिवर्तन को देख कर उत्साहित हैं कि हम अपने हित धारकों के साथ कैसे व्यापार करते हैं और लाभ साझा करते हैं। जबकि इस्पात मंत्रालय हमारे देश में प्रति व्यक्ति इस्पात की घरेलूखपत को बढ़ाना चाहता है ए एनएमडीसी कच्चे माल की आपूर्ति में वृद्धि करने और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका में विस्तार करेगा।

कलेक्टर पहुंची विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम बेहराडीह

■ **गौठान, नर्सरी, तलाब, स्कूल, छात्रावास का किया औचक निरीक्षण**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने शुक्रवार सुबह विकासखंड मैनपुर में शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मैनपुर के ग्राम पंचायत बोइरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह में निवासरत अति पिछड़ी कमार जनजाति के बीच पहुंचकर ग्राम में संचालित विकास कार्यों गौठान, नर्सरी, तालाब, स्कूल, छात्रावास इत्यादि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्राम बेहराडीह के ग्रामीणों व स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा औचक रूप से अपने बीच कलेक्टर को पाकर खुशी जाहिर करते हुए आत्मीय स्वागत किया गया। निरीक्षण दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोक्तिमा यादव, वन मंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने ग्राम बेहराडीह में 50 एकड भूमि में आगामी कार्ययोजना के तहत फलदार पौधे, औषधीय पौधे, तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, बोर खनन, जैसे कार्यों को एक सप्ताह के भीतर शुरू कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही इस योजना में वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी, मनरेगा, मत्स्य विभाग को अभिसरण के माध्यम से ग्राम के सर्वांगीण विकास व अधिक से अधिक आजीविका प्रदाय करने हेतु दिशा निर्देश प्रदाय किया गया। कलेक्टर द्वारा ग्राम बेहराडीह में संचालित आदिवासी छात्रावास का निरीक्षण कर कम्प्यूटर कक्ष, रसोई कक्ष इत्यादि का अवलोकन किया गया एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर सरपंच व सचिव को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा जनपद में संचालित आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माणाधीन नवीन कक्षाओं भी जायजा लिया गया। वन विभाग द्वारा संचालित दोना पत्तल इकाई का भी अवलोकन कर इकाई में कार्य कर रही समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक आजीविका करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कलेक्टर द्वारा विकासखण्ड में मशरूम व नर्सरी केन्द्र को बढ़ावा देने हेतु अधिकारियों को दिशानिर्देश प्रदान किया गया ताकि गौठानों में कार्य कर रही महिलाओं को प्रशिक्षण व अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जा सके।

जरहा गांव में हुई रामायण का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के समीपस्थ ग्राम जरहा गांव में रामायण का भव्य आयोजन कड़ार निवासी ललित सिंह की रामायण मंडली के द्वारा किया गया। भक्ति से सरोबार इस कार्यक्रम को देखने आसपास के ग्रामीणजन काफी अच्छी तादाद में उपस्थित थे। अंचल के सेवा भावी चिकित्सक डॉ रामेश्वर वर्मा ने बताया कि ग्राम जरहा गांव के निवासियों के सहयोग गांव में रामायण का आयोजन हुआ और इस आयोजन को संपादित कराने वाले सुप्रसिद्ध कलाकार ललित सिंह की टीम की बहुत सुंदर प्रस्तुति रही जिसका लुफ्त ग्रामवासियों ने उठाया।

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का सुचारू संचालन, स्कूलों में चावल की कमी नहीं

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन सुचारू रूप से जारी है। विकासखण्ड अंतर्गत किसी भी शाला में चावल की कमी नहीं है।

बेमेतरा जिले के शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र के स्कूलों में मार्च 2021 से 28 फरवरी 2022 तक महिला स्व-सहायता समूहों को प्राप्त चावल का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन में पाया गया कि 28 फरवरी 2022 की स्थिति में कई समूहों के पास चावल अतिशेष है और इन स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन सुचारू रूप से जारी है। साजा विकासखण्ड में शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला साजा और शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला भरमपुरी में देवी स्व-सहायता समूह थान खम्हरिया द्वारा मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है। यहां माह 28 फरवरी 2022 की स्थिति में समूह का भौतिक सत्यापन किया गया। वर्तमान में सभी विद्यार्थियों को माध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से जारी है। भौतिक सत्यापन के बाद समूहों को माह अप्रैल के लिए कूपन जारी कर दिया गया है। विकासखंड अंतर्गत किसी भी शाला में चावल की कमी नहीं है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अनंतिम वरिष्ठता सूची का हुआ प्रकाशन

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के अंतर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों भृत्य, वार्डब्वाय, आया, चौकीदार, स्वीपर ओ.टी. अटेन्डेंट, धोबी, कुक, मेस सर्वेन्ट, ड्रेसर ग्रेड-02. भृत्य / वार्डब्वाय, आया / वार्डब्वाय की 01 अप्रैल 2021 की स्थिति दर्शाने वाली अनंतिम (प्राविजनल) वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया रहा है। प्रकाशित अनंतिम (प्राविजनल) वरिष्ठता सूची विभाग अधीन कार्यरत शासकीय सेवकों को प्रदान करने की व्यवस्था कर संबंधित कर्मचारियों के संबंध में दर्ज प्रविष्टियों में यदि कोई विसंगति या किसी कर्मचारी का नाम सम्मिलित होने से छूट गया तो छूटे हुए नामों को जोड़ने एवं त्रुटि सुधार हेतु प्रमाणित दस्तावेज के साथ 15 दिवसों के भीतर आवेदक / आपत्तिकर्ता द्वारा दावा आपत्ति प्रमाणीकृत दस्तावेज सहित उचित माध्यम से इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् सुधार संबंधी प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे तथा अन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। आवेदन के अभाव में अन्तिम वरिष्ठता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए संबंधित कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। संबंधित द्वारा प्रस्तुत आवेदन / अभ्यावेदन में किये गये अनुरोध की पुष्टि उसके सेवा अभिलेखों से करते हुए सुधार संबंधी प्रस्ताव अपने स्पष्ट अभिमत के साथ सत्यापित कर सीएमएचओ कार्यालय को समय सीमा में प्रेषित किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी का नाम सूची में दर्ज होने से छूट गया हो, तो निर्धारित कॉलम अनुसार सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए नाम जोड़ने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने अफसरों को कहा गया है। अन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन करने के लिए त्रुटि सुधार संबंधी एकजाई प्रस्ताव दिनांक 08.अप्रैल.2022 तक कार्यालय को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

अब मिल रही सफलता

स्वास्थ्य एवं बहुद्देश्यीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष घनश्यामपुरी ने बताया संघ लगातार डेढ़ वर्षो के प्रयासों से फार्मेसिस्ट व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति वरिष्ठता सूची जारी की गई है। इस सूची में जिस किसी कर्मचारी की वरिष्ठता में नाम छूट गया हो या प्रथम नियुक्ति में कोई त्रुटि हो उसे तत्काल आकर एक सप्ताह में सीएमएचओ कार्यालय पहुँचकर अपना सुधार करवाये। क्योंकि इसके पश्चात अंतिम सूची पदोन्नति सूची प्रसारित की जाएगी। संगठन के इस प्रयासों को सफल करने वाले लोकप्रिय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके मंडल का संगठन बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता है। जिन्होंने आते ही स्वास्थ्य एवं बहुद्देश्यीय कर्मचारी संघ के सम्मान कार्यक्रम में संगठन के द्वारा संघ के प्रांताध्यक्ष पंकज पाण्डेय, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष वी एस रॉव, जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी, एवं बालोद जिले संघ के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के द्वारा मांग की गई थी। जिस पर उन्होंने तत्काल आश्वासन देते हुए कहा कि फार्मेसिस्ट व चतुर्थ श्रेणी की पदोन्नति मैं करूँगा और उसी आश्वासन को उन्होंने पुरा किया।

जारी की जा रही वरिष्ठता सूची के लिए संगठन के जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी, संगठन सचिव श्याम सुंदर देवांगन,महिला प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष मीता चैटर्जी, कोषाध्यक्ष अंजना राठौर,आर एम ए प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष सुनिल देवांगन,बालोद ब्लाक के बी पी एम प्रवीण नायक , पदाधिकारी सदस्य प्रकाश जोशी, वरिष्ट नेत्र सहायक अधिकारी एम एल साहू ,रवि वर्मा ,कुशल साहू,जयपाल सिंह, एम एल टी फनीस कुमार भुआर्य ,चतुर्थ श्रेणी के जिलाध्यक्ष शिवाना, प्रकाश साहू, व लिपिकीय साथी सुरेंद्र सोनकर, दीपक साहू ,दिनेश सिंग, पी नायडू ,अश्वनी कुमार लारिया, रिंकू देवरणकर (जे एस ए),संघ के पूरे पदाधिकारीगण धन्यवाद ज्ञापित करता है और इस अवसर पर कर्मचारियों में हर्ष व उत्साह है।

विभागीय प्रक्रिया जारी

कार्यालयीन आदेश क्र. / स्था./ अवि. / डी.पी.सी./ 2021/724 बालोद, दिनांक 22.11.2021 जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर विभागीय पदोन्नत किये जाने हेतु जिला मुख्यालय स्तर पर पदोन्नति समिति का गठन किया गया है। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदोन्नति से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर विभागीय पदोन्नति की कार्यवाही हेतु बैठक 25.मार्च 2022 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कक्ष में आयोजित किया गया था।विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा उपरांत बालोद जिले के अंतर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों भृत्य, वार्डब्वाय, आया, चौकीदार, स्वीपर ओ.टी. अटेन्डेंट, धोबी, कुक, मेस सर्वेन्ट, ड्रेसर ग्रेड-02. मृत्य / वार्डब्वाय आया / वार्डब्वाय की दिनांक 01.04.2021 की स्थिति दर्शाने वाली अनंतिम (प्राविजनल) वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम ने पूर्व मंत्री बिसाहू ...

रूपए की लागत से प्रयोगशाला कक्ष निर्माण, 9 लाख रूपए की लागत से पुस्तकालय कक्ष निर्माण और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीडीएम सारागांव में 7 लाख रूपए की लागत से कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ। मुख्यमंत्री ने जिन कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें जल आवर्धन योजना लागत 101 करोड़, 52 लाख रुपए, जल जीवन मिशन अंतर्गत 96 करोड़ 74 लाख रूपए के लागत से ग्रामीण जल प्रदाय योजना इसी प्रकार 11 करोड़ रूपए की लागत से मल्दी सुवाडेरा (व्हाया नंदौरकला) अचानकपुर मार्ग, ग्राम बुकुरामुंडा बस्ती से धनपुर जर्वे मार्ग तक, बैलाचूहा से जगदल्ली, सीसी सड़क ग्राम धनपुर से ग्राम गुढ़वा तक ग्राम टेमर में सीसी सड़क सह नाली निर्माण का भूमिपूजन शामिल है। इन सभी स्थापनों के लिए 78-78 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही नगर पालिका सक्ती में 20 लाख रूपए की लागत से चंद्रा (चन्द्रानाहू) सामाजिक भवन का भूमिपूजन शामिल है।

भारत की विदेश नीति ...

दबाव में काम नहीं करता है।'

भूपेश का रमन पर...

बनाने का दावा है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह ने सरकार के मंशा पर सवाल खड़े किए थे। इसी सवाल की प्रतिक्रिया पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पर बिफर गए। उन्होंने कहा आपकी 15 साल सरकार के बावजूद खैरागढ़ को जिला नहीं बना सके इसलिए आपको विश्वास नहीं हो रहा है कि अब हम खैरागढ़ छुईखदान गंडई को जिला बनाकर इस क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाने जा रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 21 सौ रुपए बोनस देने की घोषणा की थी वह भी नहीं दिया, लेकिन हमने 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल में न केवल 90 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा बल्कि किसानों को बोनस की राशि भी दी।

महंगाई और कामर्शियल गैस के भी दाम बढ़ने के मामले पर सीएम ने कहा-

केन्द्र सरकार ने पांच राज्यों के चुनाव परिणामों को देखने के बाद फिर से महंगाई बोझ आम जनता के सिर मढ़ दिया है। लगातार प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल में वृद्धि होती जा रही है गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है। इसका खामियाजा आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार चुनाव आते ही महंगाई के मुद्दे को भटकाकर जनता से वोट बटोर लेती है। चुनाव खत्म होते ही दामों में ऐसे बढ़ोत्तरी होती है इससे केन्द्र सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता है इसका फर्क आम जनता की जेब पर पड़ता है। सीएम श्री बघेल ने कहा कि चुनाव हारना जीतना अपनी जगह है लेकिन कांग्रेस हमेशा मुद्दों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी इसी तरह लड़ते रहेंगे।

छत्तीसगढ़ में भीषण ...

हुए अब सिर्फ 4 घंटे कर दिया गया है। आदेश में संयुक्त सचिव ने कहा कि गर्मी अधिक बढने के कारण 1 अप्रैल से 30 जून तक समय में परिवर्तन किया जा रहा है। गर्मी समाप्त होने के बाद 1 जुलाई 2022 से आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 9.30 बजे से शाम 3.30 बजे यानी 6 घंटे के लिए किया जाएगा। वहीं स्कूलों में टीन शेड, पेड़ के नीचे आदि जगहों पर बच्चों को नहीं पढ़ाने का आदेश भी जारी किया गया है।

किनारे पर आकर ...

महसूस होगा और खुशियां देगा। एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का देश के हर वर्ग ने तहे दिल से स्वागत किया है।

गुजरात के वडोदरा के केनी पटेल ने पूछा कि उचित रिवीजन के साथ-साथ कोई भी पाठ्यक्रम कैसे पूरा किया जा सकता है और उचित नींद भी ले सकती है।

पूर्व गृह मंत्री देशमुख...

सीबीआई के निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक रह चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान श्री देशमुख पर पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण और नियुक्ति में कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ऐसे में श्री जायसवाल भले ही आरोपी न हो, लेकिन उनकी भूमिका एक गवाह के रूप में होने की पूरी संभावनाएं हैं। इस मामले में सीबीआई जांच की निष्पक्षता पर संदेह है।

आदिवासियों की जिंदगी...

जिले में स्थापित काजू प्रोसेसिंग यूनिट के जरिए भी रोजगार मिल रहा है, जिनसे महीने में लगभग 28-30 हजार रुपये तक आमदनी हो रही है। जशपुर काजू अपनी पौष्टिकता और स्वाद की वजह से विशेष पहचान बना रहा है, जिससे अब इसकी डिमांड राज्य के अन्य शहरों के साथ ही देश के दूसरे राज्यों में भी हो रही है। जशपुर काजू को बाजार तक पहुंचाने का माध्यम ट्राइफेड बन रहा है।

छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र में मौसम मैदानी और दक्षिणी क्षेत्रों से अलग है। जशपुर में मौसम की अनुकूलता को देखते हुए जिला प्रशासन जशपुर में परम्परागत खेती से अलग बागवानी और उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित कर रही है। इस क्रम में जशपुर में चाय और काजू की खेती का नवाचार हुआ। जशपुर की आबोहवा काजू की खेती के लिए बेहद अनुकूल है, ऐसे में लगातार यहां काजू की खेती की ओर किसान आकर्षित हो रहे हैं। इसके लिए उद्यानिकी विभाग की ओर से किसानों को उन्नत किस्म के काजू के पौधे और उन्नत कृषि की तकनीकी जानकारी मुहैया कराई जा रही है। जिले में काजू की उत्पादकता को देखते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से यहां काजू प्रोसेसिंग प्लांट भी स्थापित कर दिया गया है। काजू प्रोसेसिंग प्लांट लगने के बाद से किसानों को फसल की तिगुनी-चौगुनी कीमत भी मिलने लगी है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले किसान 30-40 रुपए प्रति किलो की दर से काजू का फल बेचते थे।

ट्राइफेड सेतू की ...

के दूसरे राज्यों के विभिन्न शासकीय व गैर-शासकीय एग्जीबिशन में भी जशपुर काजू का स्टाल लगाया जाता है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत बेलभाठा (अभनपुर), जिला रायपुर में निर्मित भवन क्र. 260 श्री होरीलाल साहू पिता श्री भुखऊ राम साहू निवासी-ग्राम गिरोला, पोस्ट व थाना अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के पत्र क्र. 4592 दिनांक 31.10.2008 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी गोबरा-नवापारा जिला रायपुर में अटल विहार योजनांतर्गत निर्मित एलआईजी भवन क्र.-549 श्रीमती डेरहीन बाई साहू पति श्री भागीराम साहू के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 123 दिनांक 16.01.2018 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। वर्तमान में उक्त भवन की रजिस्ट्री नहीं किया गया है। मूल आबंटी श्रीमती डेरहीन बाई साहू पति श्री भागीराम साहू निवासी- वार्ड नं. 15, शंकर नगर, सिंधी कालोनी के पीछे, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 12.10.2020 को हो जाने के कारण उनके वारिसान पुत्र श्री छबिराम साहू पिता श्री भागीराम साहू निवासी- वार्ड नं. 15 शंकर नगर , सिंधी कालोनी के पीछे गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्री छबि राम साहू पिता श्री भागीराम साहू के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था उक्त भवन का मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

आनलाईन निविदाएं ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए DWSM KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण :- कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पण्डरिया में स्वीकृत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य।

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	योजना का नाम एवं विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
255/Dt. 30.03.2022	96205	विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम बुचीपारा एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना	73.63
256/Dt. 30.03.2022	96221	विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम सुरजपुराखुर्द एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना	54.98
257/Dt. 30.03.2022	96222	विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम लोखान एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना	71.69
258/Dt. 30.03.2022	96223	विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम टकटोईया एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना	76.09
259/Dt. 30.03.2022	96224	विकासखण्ड पण्डरिया के ग्राम डोमनपुर एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना	78.43

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 30.03.2022 से देखी जा सकती है।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 20.04.2022

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

जी-69140/4

कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
Email ID-cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./1636/न.पा.प./लो.नि.वि./2021-22 — सरायपाली, दिनांक 29.03.2022

// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-A अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD BUILDING/Road/Electrical/SOR w.e.f. on 01.01.2015/01.07.2020 से प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	जमा निविदा खोले जाने की तिथि
1	95955	वार्ड क्र. 01 में व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य।	116.35	87500.00	06 माह	''स'' एवं उच्चतम श्रेणी	21.04.2022	28.04.2022

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

टीप :- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सरायपाली

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

बॉलीवुड, छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक गीत-संगीत के साथ हुआ भोरमदेव महोत्सव का समापन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोक-पारंम्परिक लोकगीत तथा बॉलीवुड की सुपर-डूपर हिन्दी फिल्मों की गाने के साथ कबीरधाम जिले में आयोजित भोरमदेव महोत्सव वर्ष 2022 का विधिवत समापन हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार... जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मैया साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ कबीरधाम की ऐतिहासिक, पुरात्तविक, धार्मिक, पर्यटन और जन आस्था का केन्द्र के नाम से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन होते आ रहा है। यह 26 वां भोरमदेव महोत्सव था। महोत्सव समापन से पूर्व बाबा भोरमदेव मंदिर के शिव जी का विधिवत प्रातः काल महाअभिषेक, एक हजार नामों से सहस्त्रार्चन,रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती की गई। दूसरे पहर शायं काल में सहस्त्रधारा से महाभिषेक, श्रृंगार महाआरती-भस्म आरती, शिव सरोवर के सामने भगवान वरूण देव का पूजन, दीपदान, गंगा आरती की गई। भोरमेदव महोत्सव के द्वितीय दिन समापन समारोह के विशेष अतिथि के रूप में मां महामाया मंदिर के पुजारी अमित दुबे, मां सिंहवासनी मंदिर कवर्धा के पुजारी शंकर पाण्डेय, राम मंदिर बोडला के पुजारी हरि पाठक, मां महामाया मंदिर पंडरिया के पुजारी प्रयास पाठक, मां परमेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रहलाद देवांगन, खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी चन्द्रकिरण तिवारी और मां चण्डी मंदिर के पुजारी आनंद मिश्रा तथा कलेक्टर रमेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक

डॉ लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

दूसरे दिन इन्होंने दी शानदार प्रस्तुति

भोरमदेव महोत्सव में दूसरे दिन मंदिर प्रांगण पर प्रतिमा बारले द्वारा पण्डवानी, ग्राम छांटा के शिवकुमार यादव द्वारा बांसगीत, बाजार चारभाठा के निहोराराम मरकाम के द्वारा जसगीत, राकेश जैन द्वारा जसगीत एवं फागगीत ग्राम ढोगईटोला के गणेश यादव के द्वारा शिवजी का भजन की शानदान प्रस्तुति दी। महोत्सव स्थल पर स्कूली बच्चों के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्याक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद छत्तीसगढ़ रायपुर के भजन गायक श्री प्रदीप चौबे द्वारा शिव भजन की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ और ओडिसा से आए डॉ गजेन्द्र पंडया एवं आर्या नंदे द्वारा ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। गुरूदास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ लोकगीत की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम का संमा बांधा। बिलासपुर की अनिल गढेंवाल की टीम द्वारा छत्तीसगढ़ की गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए राज्य की सांस्कृति विरासत की झलक प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ के हास्य कार्यक्रमों के लिए मशहुर कौशल साहू और उनकी टीम महोत्सव के बीच बीच में अपनी प्रस्तुति देते हुए महोत्सव में आए दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद इंडियन आईडल सेलीब्रीटी बॉलीवुड सिंगर फेम अनुष्का बनर्जी, नचिकेत लेले, निहाल तारों एवं उनकी पूरी टीम की सुपर-हिट गीत संगीत की प्रस्तुति देकर महोत्सव की ख्याति बढ़ाई। वहीं महोत्सव के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायक श्री अनिल मानिकपुरी ने अपनी प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को आगे बढ़ाया। छत्तीसगढ़ की कर्मा गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का खुब मनोरंजन किया।

कलाकारों का किया गया सम्मान

भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट की ओर से कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह ने महोत्सव में समापन अवसर उपस्थित सभी विशेष अतिथियों एवं कलाकारों को भोरमदेव महोत्सव वर्ष 2022 को प्रतिक चिन्ह, शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य गणेश योगी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी, गंगोत्री योगी, बोडला जनपद उपाध्यक्ष सनत जयसवाल, मोहित महेश्वरी, सुनील साहू, एल्डर मेन दलजीत पहुआ, कौशल कौशिक, कन्नूसोनी एवं अन्य गणमान्य नागरिक सहित वनमण्डलाअधिकारी चुरामणि सिंह, अपर कलेक्टर बीएस उइके, बोडला एसडीएम पीसी कोरी, कवर्धा एसडीएम विनय सोनी, डिप्टी कलेकटर संदीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। विशेष रूप से उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

ग्राम पंचायत सचिव पद पर अनुकंपा नियुक्ति

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोक्तिमा यादव द्वारा जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत

डूमरबाहरा के ग्राम पंचायत सचिव दिवंगत सेवकराम नेताम की धर्मपत्नी हितेश नेताम को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया गया है। दिवंगत सेवकराम नेताम जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरबाहरा में ग्राम पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थे। सचिव के पद पर रहते हुए 7 अप्रैल 2017 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोक्तिमा यादव द्वारा उनका अनुकम्पा नियुक्ति आदेश जारी कर हितेश नेताम को जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहैदा में पदस्थ किया गया है।

कंटेनर वाहन में मवेशी तस्करी करते 5 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

भाटापारा/नवप्रदेश। लवन क्षेत्र में अवैध रूप से पशुओं के तस्करी के संबंध में मिल रहे शिकायत के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के आदेश पर, एएसपी पीताम्बर पटेल एवं एसडीओपी सुभाष दास के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में चौकी लवन प्रभारी उपनिरी हितेश जंघेल एवं सायबर सेल प्रभारी उपनिरी उमेश वर्मा के नेतृत्व में लवन क्षेत्र के ग्राम परसाडीह खार खेत के पास से एक कंटेनर वाहन में अवैध रूप से पशुओं का तस्करी कर क़त्ल खाने के लिए भरकर ले जाते हुए 62 मवेशियों को बरामद किया गया। मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में विवेचना जारी है।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के नगरीय निकायों हेतु मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत प्रदेश में 2 मोबाईल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करकमलो से 31 मार्च को रायपुर में सम्पन्न हुआ। जिलें में मोबाईल मेडिकल यूनिट 2 कलस्टरो में संचालित की जावेगी, जिसमें कलस्टर में नगर पालिका बेमेतरा, नगर पंचायत मारो एवं नवागढ़ तथा कलस्टर में नगर पंचायत साजा, थानखम्हरिया, देवकर, परपोड़ी, बेरला शामिल होगें। कलस्टर का मोबाईल मेडिकल यूनिट वाहन प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को बेमेतरा, गुरूवार एवं रविवार को नवागढ़ तथा शुक्रवार को मारो में संचालित होगा तथा कलस्टर का मोबाईल मेडिकल यूनिट वाहन प्रत्येक मंगलवार को साजा, गुरूवार को थानखम्हरिया, शुक्रवार को परपोड़ी, शनिवार को बेरला एवं रविवार को देवकर को संचालित होगा। मोबाईल मेडिकल यूनिट में स्वास्थ्य जांच के साथ प्राथमिक उपचार उपरांत दवाई वितरण निःशुल्क रहेगा। प्रचार-प्रसार हेतु मुनादी करायी जा रही हैं।

भगवान कृष्ण के हर रूप की लीला अद्भुत : योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेवरी में वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीला की मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही हैं। आयोजन में जेवरी समेत आसपास गांवो के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुचकर कृष्ण लीला को देखकर भक्ति में भाव विभोर हो रहे हैं। आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया हैं। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान कृष्ण के अनेक रूप और हर रूप की लीला अद्भुत हैं। प्रेम को परिभाषित करने और उसे जीने वाले इस माधव ने जिस क्षेत्र में हाथ रखा, वहीं नए कीर्तिमान स्थापित किए। मां के लाड़ले, जिनके संपूर्ण व्यक्तित्व में मासूमियत समाई हुई। कहते तो लोग ईश्वर का अवतार हैं, पर वे बालक हैं तो पूरे बालक। मां से बचने के लिए कहते हैं- 'मैया मैंने माखन नहीं खाया। मां से पूछते हैं मां वह राधा इतनी गोरी क्यों है और मैं क्यों काला हूं। शिकायत करते हैं कि मां मुझे दाऊ क्यों कहते हैं कि तू मेरी मां नहीं है।' यशोदा मां जिसे अपने कान्हा से कोई शिकायत नहीं है, उन्हें अपने लल्ला को कुछ नहीं बनाना, वह जैसा है उनके लिए पूरा है। 'मैया कबहुं बढ़ैगी चोटी। किती बेर मोहि दूध पियत भइ यह अजहूं है छोटी। कार्यक्रम में दिलेश्वर साहू लाल सिंह साहू दौलत साहू उमेश साहू तानसेन साहू बसंत साहू कमलेश साहू उपस्थित थे।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने देखा पीएम के परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने मोदी के पांचवें संस्करण 'परीक्षा पे चर्चा' का सीधा प्रसारण देखकर परीक्षा को लेकर तनाव,डर के साए में जीने वाले विद्यार्थियों ने इससे मुक्ति पाने का विचार किया। सभी विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता से ध्यान लगाकर पीएम मोदी के सुझावों को सुना और अपने अंदर बदलाव लाने का संकल्प लिया। देशभर के छात्र हर वर्ष परीक्षा का समय आते ही तनाव डर के साए में जीने लगते हैं। ऐसे ही छात्र-छात्राओं की इस समस्या को दूर करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने के उद्देश्य से हर वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए देशभर के विद्यार्थियों से रूबरू होते हैं। इस कार्यक्रम का यह पांचवां वर्ष था। शुक्रवार 1 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में छात्र-छात्राओं से परीक्षा पे चर्चा की। इसका देशभर में सीधा प्रसारण चल रहा था। इस बार का स्लोगन परीक्षा की बात, पीएम के साथ रखा गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा- 'एग्ज़ाम में अगर त्यौहार नहीं मना पाते हैं तो परीक्षा को ही त्यौहार बना दें।' उनके पास विद्यार्थियों अभिभावकों तथा शिक्षकों द्वारा कई प्रश्न भेजे गए, जिसका उन्होंने बड़ी सहजता व शालीनता से उत्तर दिया। भिन्न-भिन्न प्रश्नों के उत्तर में पीएम मोदी का उत्तर यह था कि परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है। परीक्षा के समय भी हम सहज दिनचर्या को अपनाएँ। जो किया है उसमें विश्वास भर कर आगे बढ़ना है। आधुनिक तकनीकी शिक्षा संबंधी सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि हमें अपने आप को 21वीं सदी के अनुकूल ढालना चाहिए, यही समय की मांग है। यदि इसके साथ कदम से कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो पीछे हो जाएंगे। पहले शिक्षा प्राप्त करने के बहुत सीमित साधन थे, किंतु अब नहीं। शिक्षकों एवं अभिभावकों के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों के सपनों को न समझ पाने से दूरियाँ बढ़ती हैं। अभिभावक अपनी अपेक्षाओं को बच्चों के ऊपर न लादें। दबाव के कारण वे अपने मनचाहे क्षेत्र में नहीं जा पाते। माता-पिता अपने सपनों को बच्चों पर न थोपें। बच्चों में हताशा की असली वजह समझने की कोशिश करें। बच्चों की पसंद-नापसंद का ध्यान रखें, क्योंकि वर्तमान में जीने वाला भविष्य में परेशान नहीं होता। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश ने भी पीएम मोदी के सुझावों पर अपनी सहमति देकर छात्र-छात्राओं को परीक्षा के तनाव एवं डर से मुक्त होकर सहज ढंग से परीक्षा देने की बात कही। इस दौरान विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक भी उपस्थित थे।

पेंशन राशि आहरण कर भुगतान नहीं करने पर सरपंच-सचिव के खिलाफ की गई कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबनमाल में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत सितंबर से नवंबर 2021 कुल 03 माह की वृद्धा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन की राशि 1 लाख 43 हजार रूपये सरपंच जगतराम नागेश एवं सचिव गौरीशंकर यादव द्वारा आहरण कर भुगतान नहीं किया गया था। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा 17 फरवरी 2022 को जांच प्रतिवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद को प्रेषित किया गया। प्रतिवेदन में माह सितंबर 2021 से नवंबर 2021 तक कुल 03 माह का पेंशन राशि आहरण कर पेंशनधारियों को भुगतान नहीं किया जाना पाया गया। सचिव गौरीशंकर यादव द्वारा ग्राम पंचायत धोबनमाल सेक्टर के करारोपण अधिकारी को पेंशन राशि दिसंबर 2021 तक किये जाने संबंधी जानकारी दिया जाकर गुमराह किया जाता रहा। जबकि उनके द्वारा माह अगस्त 2021 तक का ही भुगतान किया गया था। विदित हो कि शासन द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशनधारियों को डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में पेंशन राशि अंतरण किये जाने के निर्देश है। जिन पेंशनधारियों का खाता ऑनलाइन पीएफ एमएस में रजिस्टर्ड नहीं है, उन्हें ग्राम पंचायतों के माध्यम से उनके बैंक खाते में आर.टी. जी.एस. के माध्यम से भुगतान करने के निर्देश समय-समय पर जारी किये गये है। किंतु सरपंच एवं सचिव द्वारा पूरी राशि नगद आहरण किया जाकर गबन की नियत से अपने पास रखा जाना पाया गया, जिसे शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित सेक्टर के करारोपण अधिकारी के माध्यम से पेंशनधारियों को पेंशन भुगतान करवाया गया है। पेंशन जैसे महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में घोर लापरवाही बरतने के फलस्वरूप मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा 18 फरवरी 2022 को सचिव गौरीशंकर यादव को निलंबित कर उनके विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश प्रसारित किया गया है। इसके साथ ही कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप ग्राम पंचायत धोबनमाल के सरपंच जगतराम नागेश के विरूद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) (क) (ख) के तहत पद से पृथक करने की कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व मैनपुर को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

जिला चिकित्सालय में सुविधाओं का विस्तार, 3 नई मशीन होगी उपलब्ध

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के विशेष प्रयासों से जिला अस्पताल कबीरधाम में चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार जारी है। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए किसी भी किस्म की कमी नहीं आने दी जा रही है। जिला अस्पताल की पहचान अब रिफर करने वाले अस्पताल के रूप में बल्कि मरीजों को हर हाल में ईलाज करने वाले अस्पताल के रूप में बन गयी है। कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से उन्नत तकनीक के नए-नए चिकित्सा उपकरण जिला अस्पताल में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में तीन नये उपकरण पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन, फुली आटोमेटेड ऑटो एनालाइजर और अस्थि रोग के ईलाज के लिए उन्नत तकनीक की एक्स-रे मशीन उपलब्ध होने वाली है। उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में जिला अस्पताल में कोविड-19 के मरीजो का बेहतर तरीके से ईलाज किया है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों सहित समस्त स्टाफ ने तत्परता से कार्य कर मरीजो की सेवा की। इसके लिए कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने इन कोरोना वारियर का जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान भी किया। कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से जिला चिकित्सालय परिसर में स्टाफके लिए आवासीय परिसर भी बनाया गया है। मोहम्मद अकबर ने इस आवासीय परिसर का लोकार्पण किया था।

सड़क सुरक्षा को लेकर ब्रह्मकुमारी बहनों की विशाल बाइक रैली आज

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में संस्था के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर, अखिल भारतीय अभियान के अंतर्गत सुरक्षित भारत, सड़क सुरक्षा मोटर साइकिल यात्रा सड़क-सुरक्षा, जीवन-रक्षा जन जागृति का कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से संबद्ध ब्रह्माकुमारी बहनें एवं भाइयों के द्वारा किस प्रकार से सड़क सुरक्षा से अपनी जीवन की रक्षा कर सकेंगे तथा प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके, इसकी प्रेरणादाई उदबोधन देंगे। साथ ही ब्रह्माकुमार भाइयों एवं बहनों के द्वारा विशाल मोटर साइकिल रैली आज प्रातः 9:45 बजे भाग्य विधाता भवन नरसिंह विहार कॉलोनी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा से निकलकर महारानी चौक होते हुए बस स्टैंड चौक, बस स्टैंड चौक से कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी, देवरी से वापस बस स्टैंड होते हुए रेल्वे स्टेशन, उसके पश्चात रेल्वे स्टेशन से अंडर ब्रीज होते हुए पटपर चौक, दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय आलेसुर, वहां से वापस दोपहर 2:30 बजे ब्रह्मा कुमारी संस्था में होगी। तत्पश्चात संध्या 4 बजे संस्था से पुनः रैली निकलकर नाका नंबर 01 कुशल ऑटो 4:30 बजे पहुंचेगी तथा उसके पश्चात संध्या 6 बजे यातायात पुलिस केन्द्र बस स्टैंड पहुंचेगी, बस स्टैंड में कार्यक्रम की प्रस्तुति पश्चात संध्या 7:00 बजे राधेश्याम बस सर्विस के पास कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी उसके पश्चात रैली संस्था वापस आकर समाप्त होगी। रैली में मुख्य आकर्षण सुन्दर झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर ब्रम्हाकुमारी बहनों के द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करेंगे।

मतदान दल के अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 5 व 6 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा उप निर्वाचन 2022 के संपादन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान दल के अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 5 एवं 6 अप्रैल को महंत सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय) राजनांदगांव और ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक दिया जाएगा। 5 अप्रैल 2022 को महंत सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय) राजनांदगांव में प्रशिक्षण में शामिल दल 1 से 100 तक और ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में प्रशिक्षण में शामिल दल क्रमांक 101 से 200 तक को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह 6 अप्रैल 2022 को महंत सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय) राजनांदगांव में प्रशिक्षण में शामिल दल 201 से 289 तथा संगवारी मतदान दल को और ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में सभी रिजर्व दल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान दल में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी अपने आदेश की छायाप्रति के साथ संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र में निर्धारित समय से आधा घंटे पूर्व सुबह 10.30 बजे उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रशिक्षण में अपना पासपोर्ट साईज का 2 फोटो अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण अधिकारी को प्रस्तुत करने कहा गया है।

अगासदिया कोदूराम वर्मा सम्मान 2022 कलाकार व चिकित्सक डॉ अजय सहाय को मिला

कुम्हारी/नवप्रदेश। प्रख्यात कलाकार एवं शब्दभेदी बाण चलाने वाले विश्व के अकेले साधक के गांव भिंभोरी में गुरुवार को प्रसिद्ध सिने कलाकार एवं चिकित्सक डॉ अजय सहाय को इस वर्ष का प्रतिष्ठित कोदूराम वर्मा अगासदिया सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान के इस अवसर पर साहित्यकार एवं अगासदिया के अध्यक्ष डॉ परदेशी राम वर्मा ने कहा कि कोदूराम वर्मा जन्मजात कलाकार, गृहस्थ, संत एवं विश्व प्रसिद्ध धनुर्धारी थे। वे छत्तीसगढ़ के ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व थे जिनसे पीढ़ियां प्रेरित होंगी । उनके नाम पर छत्तीसगढ़ शासन ने तीरंदाजी अकादमी का नामकरण कर इतिहास बनाया है। प्रतिवर्ष दिया जाने वाला अगासदिया सम्मान इस वर्ष प्रसिद्ध कलाकार एवं चिकित्सक डॉ अजय सहाय को प्रदान किया गया। डॉ अजय सहाय स्वयं एक

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं, डॉक्टर सहाय ने आदिवासी क्षेत्र में गांव-गांव जाकर निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान किया है। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ अजय सहाय ने कहा कि यह प्रतिष्ठित अगासदिया सम्मान मेरे लिए सेवा की एक नई प्रेरणा है, मैं सभी के उम्मीदों पर सदैव खरा उतर सकूं यही प्रयास रहेगा। इस समारोह में डॉ सहाय का परिचय कलाकार महेश वर्मा ने दिया । राजगीत गायन कलाकार राजेंद्र साहू ने प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त मनहरण साहू, राजेंद्र बघेल तथा सुखराम वर्मा विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। कोदूराम वर्मा के पुत्र सालिकराम वर्मा ने बाण चालन कर पिता की परंपरा को नमन किया। उनके छोटे पुत्र बबला वर्मा तथा बुलाकी वर्मा सहित परिवारजनों ने अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम में कवि सम्मेलन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कमलेश वर्मा के संचालन में प्रसिद्ध कवि चोवाराम बादल, राम हृदय वर्मा, संतोष परगनिहा एवं रामाधार नायक ने अपनी सरस कविताओं का पाठ किया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद जिला बालोद (छ.ग.)
:: संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार ::

क्रमांक 20/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2021-22 बालोद, दिनांक 31.03.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत डी-वर्ग एवं उच्च वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01 नवंबर 2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित एवं प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 07.02.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 18.04.2022 से अपरान्ह 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है तथा निविद दिनांक 19.04.2022 के 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-
कार्य का नाम :- 1. छत्तीसगढ़ गोड़वाना गोड़ महासभा जिला बालोद के लिए सर्व सुविधा युक्त भवन निर्माण ग्राम सिवनी
निविदा की राशि लाख में 19.72 अमानत राशि 19800/- (2) छत्रपति शिवाजी सामुदायिक भवन निर्माण एवं अहाता निर्माण कचांदुर निविदा राशि 14.63 अमानत राशि 14650/- (3) नवयुवक बुनकर सहकारी समिति मर्यादित ग्राम खैरीडीह निविदा राशि 13.29 अमानत राशि 13300/- प्रत्येक कार्य हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं उपरोक्त पोर्टल से निविदा प्रपत्र डाउनलोड दिनांक 31.03.2022 से देखी अथवा की जा सकती है।

जी-69153/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बालोद जिला-बालोद (छ.ग.)

खैरागढ़ विस उपचुनाव जीतने के लिए पंजा का 'पंच' विधायक बनाओ, जिला पाओ

गर्मी के साथ बढ़ी चुनावी सरगर्मी, आरोप-प्रत्यारोप हुए तेज

राजेंद्र सिंह/बिहारी लाल यादव

खैरागढ़-छुईखदान/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ में 12 अप्रैल को होने वाली विधानसभा उपचुनाव के लिए गर्मी के साथ ही चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों के नेता एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर शब्दों का बाण छोड़ रहे। इस बीच सत्ताधारी कांग्रेस ने खैरागढ़ उपचुनाव फतह करने के लिए अपने घोषणा पत्र के जरिए जोरदार 'पंच' दे मारा है। दरअसल, चुनाव जीतने के 24 घंटे के भीतर खैरागढ़ को जिला बनाने का वायदा अपने घोषणा पत्र में किया है। जिले का नाम खैरागढ़-छुईखदान-गंडई रखा जाएगा। खैरागढ़ को जिले बनाने के लिए समय-समय पर क्षेत्र के लोग निरन्तर प्रमुखता से मांग उठा रहे। ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रवासियों की मांग को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर खैरागढ़ उपचुनाव को जीतने के लिए एक आधार शिला रख दी है। यहीं नहीं, घोषणा पत्र में साहेबारा को पूर्ण तहसील, जालबांधा को उप तहसील, अतरिया एवं जालबांधा में महाविद्यालय, गंडई, छुईखदान, साल्हेवारा में 50 बिस्तर अस्पताल निर्माण का वादा सहित खैरागढ़ में दिवंगत देवव्रत सिंह की मूर्ति स्थापित करने का वायदा किया गया है।

चुनाव में सबसे अहम बूथ अध्यक्ष होते हैं

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ने कहा कि चुनाव में सबसे अहम बूथ अध्यक्ष होते हैं जो जीत दिलाने में अहम भूमिका का निर्वहन करते हैं। कांग्रेस सम्मेलन में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने साढ़े 3 साल के कार्यकाल के सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हमने किसानों का कर्ज माफ किया। कोरोना काल में शासकीय कर्मचारियों के वेतन में कटौती नहीं की। जबकि अनेक राज्यों ने आपातकाल में भी 30 फीसदी काटे थे। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की फ्रीस माफ की। किसानों, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, महिला समूहों और तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को 1124 करोड 92 लाख रुपये की राशि जारी की है।

पूर्व सीएम पर मुख्यमंत्री भूपेश ने कसा तंज

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह पर तंज कसते हुए कहा रमन सिंह की सरकार चुनाव के पहले और चुनाव के बाद के दोबारा बोनस देती थी। चुनाव के पहले एक घर में कई राशन कार्ड बनते थे चुनाव के बाद चूल्हे तक गिनते थे। उन्होंने खैरागढ़ वालों को ठगा है। उप चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम को हर घर तक पहुंचाना है। कांग्रेस के आयोजित कार्यकर्ता सम्मेन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री रवीन्द्र चौबे, जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत सिंह भगत, ताम्रध्वज साहू, कवासी लखमा, शिव डहरिया, कांग्रेस संगठन के प्रभारियों एवं कांग्रेस के अनेक विधायकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी एवं कार्यकर्त्ता सम्मेलन को वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

सड़कों व भवन निर्माण के लिए मिला करोड़ों रुपए की सौगात

कांकेर/नवप्रदेश। सड़क एवं भवन निर्माण के राज्य शासान द्वारा जिले को करोड़ों रूपये की सौगात दी गई है। राज्य शासन द्वारा कांकेर जिले में 87 निर्माण कार्यों के लिए 472 करोड़ 56 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है, जिसमें कांकेर शहर से गुजरने वाली मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 26 करोड़ 82 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं, इसके अलावा सीजीआरआईडीसीएल योजनांतर्गत 09 सड़कों के निर्माण के लिए 60 करोड़ 04 लाख रूपये तथा 10 पुल निर्माण के लिए 94 करोड 82 लाख रूपये, विभागीय सड़क बजट में 09 कार्यों के लिए 305 करोड 75 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत् विभिन्न शासकीय भवनों में सी.सी. पहुँच मार्ग निर्माण के 57 कार्यों के लिए 05 करोड़ 67 लाख रूपये तथा विभागीय भवन बजट में 02 कार्य के लिए 06 करोड 28 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है। इस प्रकार जिले को 87 निर्माण कार्यों के लिए 472 करोड़ 56 लाख रूपये की सौगात प्राप्त हुआ है। लोक निर्माण विभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता एसएल मरकाम ने बताया कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले के ई-श्रेणी पंजीकृत बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 186 ई-श्रेणी में बेरोजगारो का पंजीयन किया गया है, जिसमें क्षेत्रीय 47 पंजीकृत बेरोजगारों को मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत् कार्य प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है।